रजिस्ट्री सं. डी.एल.-33004/92 REGD. NO. D.L.-33004/97

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग I—खण्ड 1
PART I—Section 1

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 58] नई दिल्ली, मंगलवार, मार्च 31, 1992/चैत्र 11, 1914
No. 58] NEW DELHI, TUESDAY, MARCH 31, 1992/CHAITRA 11, 1914

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके
Separate Paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

वाणिज्य मन्त्रालय

आयात व्यापार नियंत्रण

सार्वजनिक सूचना सं. 1—आई टी सी (पी एन)/92—97

नई दिल्ली, 31 मार्च, 1992

विषय :—अप्रैल, 1992 मार्च, 1997 के लिए निर्यात एवं आयात नीति

फाइल सं. आई पी सी/4/5(244)/92-93:—आयात एवं निर्यात (नियंत्रण) अधिनियम, 1947 की धारा 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए इस सार्वजनिक सूचना के उपाबन्ध—1 में दी गई निर्यात एवं आयात नीति एतद्द्वारा अधिसूचित की जाती है। यह 1 अप्रैल, 1992 से प्रभावी होगी और पांच वर्षों की अवधि अर्थात 31 मार्च, 1997 तक प्रभावी रहेगी।

2. प्रक्रिया पुस्तक (खण्ड 1 और 2) 1990—93 में निर्धारित प्रक्रिया (वाणिज्य मंत्रालय की सार्वजनिक सूचना सं. 2—आई टी सी (पी एन)/90—93 दिनांक 30 मार्च, 1990 के तहत जारी) और आयात एवं निर्यात नीति (खण्ड 1 और 2) 1990—93 (वाणिज्य मंत्रालय की सार्वजनिक सूचना संख्या 1—आई टी सी (पी एन)/90—93 दिनांक 30 मार्च, 1990 और संख्या 19—आई टी सी (पी एन)/90, दिनांक 30 मार्च) में दी गई अनुसार प्रक्रिया और अन्य विवरण के साथ निर्यात एवं आयात नीति, 1992—97 के प्रावधानों सहित लागू रहेगी और इन्हें इस नीति के तहत बनाई गई, जारी की गई सम्पन्न की गई मसझी जाएगी।।

3. इसे लोकहित में जारी किया जाता है।

डी. आर. मेहता, मुख्य नियंत्रक आयात-निर्यात

प्रामुख

मुझे नई निर्यात एवं आयात नीति को प्रस्तुत करते हुए हर्ष हो रहा है जो प्रथम अप्रैल, 1992 से प्रभावी होगी। स्थाई नीतियों की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए नई नीति 5 वर्ष अर्थात् आठवीं पंचवर्षीय योजना की पूरी अवधि के लिये प्रभावी रहेगी। नई नीति वर्तमान आयात निर्यात नीति (1990—93) का स्थान लेगी।

इसे व्यापक रूप से स्वीकृत किया गया है कि व्यापार केवल वास्तविक स्वतन्त्र प्रणाली के अन्तर्गत ही पनप सकता है। केन्द्र सरकार द्वारा व्यापार नीति में 4 जुलाई, 1991 एवं 13 अगस्त, 1991 को व्यापक परिवर्तनों की घोषणा की गई थी। नई नीति व्यापार नीति सुधारों द्वारा निर्धारित दिशा को सुदृढ़ बनाएगी यह नीति औद्योगिक तथा वित्तीय नीतियों में किये गये परिवर्तनों की भी पूरक होगी।

नई नीति की आधारभूत विशेषता इसका उदारीकरण होना है। इसमें लाइसेंसिंग, मात्रिक प्रतिबन्धों और अन्य विनियमन व दण्ड-विधान नियंत्रणों से स्थाई तौर पर मुक्ति दिलाई गई है। दो प्रतिबन्धात्मक सूचियों को छोड़कर किसी भी मद का आयात एवं निर्यात मुक्त रूप से किया जा सकता है। आयात की प्रतिबन्धात्मक सूची व निर्यात की प्रतिबन्धात्मक सूची कतिपय मदों के आयात और निर्यात को प्रतिबन्धित करती है। वर्तमान परिस्थितियों में इन सूचियों को यथासंभव छोटा रखा गया है। सरकार की यह नीति है कि ज्यों ही निर्यात परिवेश प्राप्त कर लिया तथा अर्थव्यवस्था सुदृढ़ हो जायेगी, इन सूचियों में समय-समय पर कमी कर दी जायेगी।

निषेधात्मक सूचियों में सम्मिलित मदों पर लोक नीति के आधार पर प्रतिबन्ध लगाये गये हैं। सरणीकृत मदों का व्यापार साधारणतया केवल नामित एजेंसियों के द्वारा ही किया जायेगा, तथापि, केन्द्र सरकार सरणीबद्ध मदों के आयात या निर्यात के लिये किसी अन्य को भी लाइसेंस दे सकती है। सरणीबद्ध मदों की संख्या में काफी हद तक कमी की गई है, तथा सरणीकरण कतिपय पैट्रोलियम उत्पादों, उर्वरकों, खाद्य तेलों, अनाजों और कुछ अन्य मदों तक ही सीमित रह गया है। कुछ अन्य मदों को भी प्रतिबन्धात्मक सूचियों में सम्मिलित किया गया है तथा उन्हें लाइसेंसिंग, पंजीकरण, सीलिंग सीमा आदि प्रतिबन्धों के अन्तर्गत रखा गया है। उपभोज्य एवं स्थायी माल पर यथापूर्व प्रतिबन्ध जारी रहेगा। ये प्रतिबन्ध आर्थिक कारणों के साथ-साथ, सुरक्षा, बचाव, पर्यावरण, रोजगार तथा इसी प्रकार के अन्य कारणों से आवश्यक समझे गये हैं। निषेधात्मक सूचियों में सम्मिलित कतिपय मदों के सम्बन्ध में आयात अथवा निर्यात की शर्तें इस आशय के लिये जारी सार्वजनिक सूचनाओं के द्वारा विनिर्दिष्ट की जायेगी ताकि विशिष्ट मामलों में लाइसेंसिंग से बचा जा सके। जब भी कोई प्रक्रिया निर्धारित की जायेगी तो यह सुनिश्चित करने के लिये ध्यान रखा जायेगा कि प्रतिबन्ध अनुपालन एवं प्रशासन दोनों के लिये ही आसान और सरल हों।

नीति में निर्यात के प्रति सुस्पष्ट झुकाव है तथा निर्यात के लिये अभिमुख विशेष स्कीमों को सुदृढ़ किया गया है।

शुल्क मुक्त स्कीमों के कार्यक्षेत्र को मात्रा पर आधारित अग्रिम लाइसेंसों के अतिरिक्त मूल्य पर आधारित अग्रिम लाइसेंसों को आरम्भ करके और विस्तृत कर दिया गया है। इससे निर्यातक को पूर्ण रूप से मूल्य सीमा तथा मात्रिक प्रतिबन्धों के बिना अतिसंवेदशील माल को छोड़कर, माल का आयात निर्यात करने के लिये अधिक नम्यता प्राप्त होगी। अग्रिम लाइसेंस स्कीम के अन्तर्गत निर्यात सदन, व्यापार सदन तथा स्टार व्यापार सदन स्व-प्रमाणीकरण की सुविधा के पात्र होंगे। बाद में कुछ विशिष्टीकृत उत्पादों के निर्यात को भी स्व-प्रमाणीकरण स्कीम के अन्तर्गत लाया जायेगा।

निर्यात संवर्धन पूंजीगत माल स्कीम (ई. पी. सी. जी.) को उदार बनाया गया है तथा तदनुरूप निर्यात आभार के साथ पूंजीगत माल का आयात 25% या 15% सीमाशुल्क की रियायती दरों पर इस तरह से दो प्रकार से उपलब्ध रहेगा। इस स्कीम के अन्तर्गत नये पुराने दोनों पूंजीगत माल का अवयवों का आयात किया जा सकता है। पूंजीगत माल के घरेलू विनिर्माता जिन्हें संघटकों का आयात करना अपेक्षित है, लागत बीमा भाड़ा मूल्य के 15% सीमाशुल्क का रियायती दरों का भुगतान करके निर्यात संवर्धन पूंजीगत माल स्कीम चयन कर सकता है।

रत्न और आभूषण निर्यात संवर्धन स्कीमें मामूली आशोधनों के साथ जारी रहेंगी।

व्यापार नीति सुधारों में, निर्यात अभिमुख यूनिटों तथा निर्यात संसाधन क्षेत्रों में स्थित यूनिटों को अधिक स्वायत्तता एवं नम्यता दी गई थी। नई नीति के अन्तर्गत उन्हें केवल अपनी मशीनरी ही नहीं बल्कि पट्टे पर ली गई मशीनरी को लगाने की भी अनुमति दी गई है। वे अपने उत्पादन को निर्यात सदनों, व्यापार सदनों, या स्टार व्यापार सदनों के माध्यम से भी निर्यात कर सकते है।

निर्यात सदनों, व्यापार सदनों तथा स्टार व्यापार सदनों की निर्णयिक भूमिका को दोहराया गया है।

निर्यात संवर्धन परिषदों (ई. पी. सी.) ने निर्यात के संवर्धन हेतु प्रमुख भूमिका निभाई है। नई नीति में उनकी भूमिका को मान्यता दी गई है। नई नीति के अन्तर्गत लाभ अथवा रियायत अथवा कोई भी लाइसेंस प्राप्त करने के लिये किसी भी आयातक/निर्यातक के लिये निर्यात संवर्धन परिषद द्वारा जारी पंजीकरण-सह-पदस्थता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने की अनिवार्य अपेक्षा बनी रहेगी।

अभिग्रहीत निर्यातों को परिभाषित किया गया है तथा शुल्क मुक्त स्कीम वापसी स्कीम के अन्तर्गत लाभ तथा सीमाकर उत्पाद शुल्क में छूट अभिग्रहीत निर्यातकों को भी मिलेगा।

कुछ श्रेणियों के निर्यात तथा निर्यातक विशेष आयात लाइसेंस प्राप्त करने के पात्र होंगे। इनमें अभिग्रहीत निर्यात निर्यात सदन, व्यापार सदन तथा स्टार व्यापार सदन और वे विनिर्माता जो आई. एस. ओ. 9000 (सीरिज) या बी. आई. एस. 14000 (सीरिज) गुणवत्ता के प्रमाणीकरण को प्राप्त कर लेंगे, शामिल है।

व्यापार और उद्योग के सहयोग से केन्द्र सरकार का गुणवत्ता पर जागरूकता के लिये तथा भारतीय उत्पादों को विश्व स्तरीय बनाने के लिये कदम उठाने हेतु एक राष्ट्रव्यापी अभियान प्रारम्भ करने का प्रस्ताव है।

इस नीति का सरलता एवं सुस्पष्टता उद्देश्य है। इस नीति की प्रक्रिया भी होगी। प्रक्रिया को संशोधित किया जा रहा है जो संचालित करने में आसान एवं सुलभ होगी प्रक्रिया पुस्तक जल्दी ही ही जारी की जायगी तथा तब तक वर्तमान प्रक्रिया लागू रहेगी।

इस बात पर बल देने की आवश्यकता है कि नई नीति पांच वर्ष की अवधि तक स्थाई रहेगी तथापि, उदारीकरण की दिशा में परिवर्तन करने होंगे। आकस्मिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए कुछ अन्य परिवर्तन भी आवश्यक हो सकते हैं। सरकार की इच्छा है कि जहां तक संभव होगा, प्रत्येक तिमाही में ऐसे परिवर्तन किये जायेंगे।

आशा है कि यह नीति देश के हित में विदेश व्यापार को बढ़ाने के समग्र उद्देश्य को प्राप्त करेगी।

इसको समाप्त करने से पूर्व, मैं मुख्य नियंत्रक आयात निर्यात के कार्यालय, वाणिज्य संचालय तथा उन सभी जिन्होंने इस नीति को बनाने में योगदान दिया है, के प्रति अपनी वास्तविक कृतज्ञता व्यक्त करना चाहूंगा। मैं वाणिज्य संचालय के राष्ट्रीय सूचना केन्द्र के कम्प्यूटर सेंटर तथा भारत सरकार मुद्रणालय को उनकी सेवाओं के लिये धन्यवाद देता हूं।

नई दिल्ली
31-3-1992

देवेन्द्र राज मेहता
मुख्य नियंत्रक आयात-निर्यात

अध्याय—एक

भूमिका

1. अधिसूचना :—आयात एवं निर्यात (नियंत्रण) अधिनियम, 1947 की धारा-3 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार 1992-97 की अवधि के लिए निर्यात एवं आयात नीति को एतद्द्वारा अधिसूचित करती है।

2 विनियोग एवं अवधि :—निर्यात एवं आयात नीति 1-4-92 से लागू होगी तथा पांच वर्ष की अवधि तक अर्थात् 31 मार्च, 1997 तक प्रभावी रहेगी।

3. संशोधन :—इस नीति में संशोधन अथवा परिवर्तन करने के लिए सरकार जनहित में अधिकार सुरक्षित रखती है। ऐसे संशोधन, यदि कोई होंगे तो, मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात द्वारा सार्वजनिक सूचनाओं के द्वारा अधिसूचित किए जाएंगे।

4. अन्तर्वर्ती व्यवस्था :—पूर्ववर्ती निर्यात-आयात नीतियों के अन्तर्गत कोई भी जारी की गई अधिसूचना या सार्वजनिक सूचना या अन्य परिवर्तन तथा जो इस नीति के प्रारम्भ होने से पूर्व लागू थे, यदि इस नीति के प्रावधानों से असंगत न हों, प्रभावी माने जाएंगे तथा इस नीति के अन्तर्गत माने जाएंगे। इस नीति से पूर्व जारी किए गए लाइसेंस उन्हीं अनुमति मदों के आयात/निर्यात के लिए मान्य रहेंगे।

5. निर्यात एवं आयात जो खुला सामान्य लाइसेंस के अन्तर्गत अनुमेय थे अथवा जिनके लिए पूर्ववर्ती नीतियों में किसी लाइसेंस/परमिट की आवश्यकता नहीं थी, लेकिन इस नीति के अन्तर्गत नियंत्रण अथवा लाइसेंस की आवश्यकता है, वे भी अनुमेय रहेंगे बशर्ते कि 31 मार्च, 1992 तक अथवा इससे पूर्व की अवधि में मालवाहों को लादा गया हो।

1. अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार (विकासात्मक एवं विनियमन) विधेयक, 1992 संसद में शीघ्र ही प्रस्तुत किया जाएगा। इस विधेयक के कानून बनने के पश्चात् यह नीति नए अधिनियम के अन्तर्गत आई हुई मानी जाएगी।

2. इस कार्यालय को महानिदेशक, विदेश व्यापार के रूप में पुनः नामोद्दिष्ट किए जाने का प्रस्ताव है।

अध्याय—दो

उद्देश्य

6. इस नीति के प्रमुख उद्देश्य निम्नलिखित हैं:—

(क) भारत के विदेश व्यापार को विश्वव्यापी बनाने के लिए ढांचे को स्थापित करना;

(ख) भारतीय उद्योग की उत्पादकता, आधुनिकीकरण एवं प्रतियोगितात्मकता को बढ़ावा देना तथा इनके निर्यात सामर्थ्य को बढ़ाना ;

(ग) माल की गुणावस्था के अन्तर्राष्ट्रीय स्वीकृत स्तरों को प्राप्त करने और उच्च बनाने के लिए प्रोत्साहन देना जिससे कि विदेश में भारत के उत्पादों की छवि को बढ़ावा मिले ;

(घ) भारत के निर्यात को बढ़ाने के लिए अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे माल, मध्यस्थों, संघटकों, उपभोज्यों तथा पूंजीगत माल आसानी से उपलब्ध करवाना;

(ङ) व्यापार के लिए विनियंत्रित ढांचे के अन्तर्गत प्रभावी एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगी आयात प्रतिस्थापन एवं आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना;

(च) भारत के विदेश व्यापार पर कुप्रभाव डालने वाले मात्रिक, लाइसेंसिंग और अन्य विवेकाधीन नियंत्रणों को कम अथवा समाप्त करना ;

(छ) देश में अनुसंधान तथा विकास और प्रौद्योगिकीय सामर्थ्य को प्रोत्साहन देना,

(ज) निर्यात एवं आयात को संचालित करने वाली प्रक्रिया को सरल एवं कारगर बनाना ।

अध्याय—तीन

परिभाषाएं

7. इस नीति के उद्देश्य के लिए, जब तक कि संदर्भ में अन्यथा अपेक्षित न हो, निम्नलिखित शब्दों और अभिव्यक्तियों के निम्नलिखित अर्थ होंगे :—

(1) "उपांग" या "संलग्नी" का अर्थ है एक पुर्जा, उपसंयोजक अथवा संयोजक जो उपस्कर के मूल कार्यों को परिवर्तित किए बिना उपस्कर के एक टुकड़े को कार्यसाधकता को सहयोग देता है ।

(2) "अधिनियम" का अर्थ है—आयात-निर्यात (नियंत्रण) अधिनियम, 1947 ।

(3) "वास्तविक उपयोक्ता" का अर्थ है वास्तविक उपयोक्ता जो औद्योगिक अथवा गैर-औद्योगिक हो सकता है ।

(4) "वास्तविक उपयोक्ता (औद्योगिक)" का अर्थ उस व्यक्ति से है जो अपनी निजी यूनिट में विनिर्माण के लिए बाहर का ठेका लेने वाली यूनिट सहित किसी अन्य यूनिट में अपने निजी प्रयोग के लिए विनिर्माण के लिए आयातित माल का प्रयोग करता है ।

(5) "वास्तविक उपयोक्ता (गैर-औद्योगिक)" का अर्थ उस व्यक्ति से है जो अपने स्वयं के इस्तेमाल के लिए आयातित सामग्री का निम्न में इस्तेमाल करता हो :—

(1) कोई भी वाणिज्यिक प्रतिष्ठान जो कोई व्यवसाय, व्यापार का पेशा कर रहा हो; या

(2) कोई भी प्रयोगशाला, वैज्ञानिक या अनुसंधान और विकास (आर एण्ड डी) संस्था, विश्वविद्यालय या अन्य शैक्षिक संस्था या अस्पताल; या

(3) कोई भी सेवा उद्योग ।

(6) "पूंजीगत माल" का अर्थ है माल के, प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष उत्पादन के लिए या सेवा अर्पित करने के लिए अपेक्षित संयंत्र, मशीनरी, उपस्कर या उपसाधित्र जिनमें प्रतिस्थापन, आधुनिकीकरण या विस्तार के लिए अपेक्षित सामग्री भी शामिल है ।

(7) निर्यात और आयात के "सरजीवद्ध" का अर्थ है केन्द्र सरकार द्वारा नामजद की गई एजेंसियों के माध्यम से निर्यात और आयात करना ।

(8) "सक्षम प्राधिकारी" का अर्थ है---वह प्राधिकारी जो अधिनियम अथवा उसके अन्तर्गत दिये गए आदेशों अथवा इस नीति के तहत किसी अधिकार का प्रयोग करने, किसी कार्यभार अथवा कर्तव्य को पूरा करने के लिए सक्षम हो।

(9) "संघटक" का अर्थ है वह उस संयोजन या संयोजन का वह पुर्जा जिससे एक विनिर्मित उत्पाद तैयार किया जाता है या जिसमें वह विघटित हो जाए और जिसमें सहायक या उपयंगी भी शामिल है ।

(10) "उपभोज्य" माल का अर्थ है कोई मद जिसको विनिर्माण प्रक्रिया में शामिल किया जाता है या जिसकी आवश्यकता होती है परन्तु जो तैयार उत्पाद का भाग नहीं होती है । मदें जिनको निर्माण के दौरान वास्तविक रूप में या पूर्णतया उपभोग कर लिया जाता है, उन्हें उपभोज्य मदें माना जाएगा ।

(11) "उपभोक्ता माल" का अर्थ खान के उस माल से है जो आगामी संसाधन के बिना मनुष्य की आवश्यकताओं को सीधे ही पूरा करेगा और इसमें उपभोक्ता के लिए टिकाऊ माल भी शामिल होगा ।

(12) "प्रतिसंतुलन व्यापार" (काउंटर ट्रेड) का अर्थ उस प्रकल्प से है जिसके अन्तर्गत व्यापार समझौता या अन्यथा के तहत आयात/निर्यात करने वाले देश से अथवा तीसरे देश के जरिये सीधे आयात/निर्यात भारत के आयात/निर्यात से संतुलित होते हों । प्रतिसंतुलन व्यापार (काउंटर ट्रेड) के अन्तर्गत निर्यात/आयात की अनुमति एस्को एकाउंट, वापस खरीदने की व्यवस्था, वस्तु विनिमय व्यापार या किसी ऐसी ही अन्य व्यवस्था के अन्तर्गत दी जा सकती है। ऐसा प्रतिसंतुलन पूर्णतया या आंशिक तौर पर नकद माल और/या सेवाओं के रूप में हो सकता है ।

(13) भारत में विनिर्मित और निर्यात किए गए किसी माल के संबंध में "शुल्क वापसी" का अर्थ है---किसी आयातित माल पर अथवा ऐसे माल के विनिर्माण में प्रयुक्त उत्पाद-शुल्क देय माल पर उगाहे जाने वाले शुल्क में कटौती ।

(14) "उत्पाद शुल्क देय माल" का अर्थ है---कोई माल जिसका भारत में निर्माण किया गया हो और वह केन्द्रीय उत्पाद शुल्क तथा नमक अधिनियम, 1944 (1944 का एक) के तहत उत्पाद शुल्क के अधीन हो ।

(15) "निर्यातक" का अर्थ उस व्यक्ति से है जो निर्यात करता है, निर्यात करना चाहता है और जो निर्यातक–आयातक कोड नम्बर धारी हो ।

(16) "निर्यात सदन/व्यापार सदन/स्टार व्यापार सदन" का अर्थ है "निर्यातक" जिसके पास मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात द्वारा जारी किया गया निर्यात सदन/व्यापार सदन/स्टार व्यापार सदन प्रमाण-पत्र हो ।

(17) "निर्यात आभार" का अर्थ है---लाइसेंस अथवा अनुज्ञा में शामिल उत्पाद अथवा उत्पादों का लाइसेंसिंग या सक्षम प्राधिकारी द्वारा यथा निर्धारित अथवा यथा निर्दिष्ट मात्रा, मूल्य या दोनों में निर्यात करने का आभार।

(18) "आयातक" का अर्थ उस व्यक्ति से है जो आयात करता है, आयात करना चाहता है और जो आयातक--निर्यातक कोड नम्बर धारी हो ।

(19) "अन्तर्राष्ट्रीय कीमत पर पुनः अदायगी स्कीम" का अर्थ है वह स्कीम जिसमें निर्यात उत्पाद में प्रयुक्त विशेष निवेश के संबंध में केन्द्रीय सरकार द्वारा समय-समय पर यथा-निर्धारित घरेलू और अन्तर्राष्ट्रीय कीमतों के बीच अंतर के बराबर धनराशि को पुनः अदायगी करने की व्यवस्था हो ।

(20) "लाइसेंस प्राधिकारी" का अर्थ उस प्राधिकारी से है जो उस समय के लिए लागू किसी कानून के तहत लाइसेंस देने के लिए सक्षम हो ।

(21) "लाइसेंस" का अर्थ है---प्रदान किया गया लाइसेंस जिसमें सीमाशुल्क निकासी परमिट अथवा लाइसेंस प्राधिकारी द्वारा प्रदान की गई कोई अनुमति शामिल है ।

(22) "लाइसेंसिंग वर्ष" का अर्थ उस वर्ष से है जो प्रथम अप्रैल से आरम्भ होकर आगामी वर्ष के 31 मार्च को समाप्त हो।

(23) "जीवन रक्षक औषधियों" का अर्थ दृष्टि बचाने वाली औषधियों सहित, उन औषधियों से है जो जीवन बचाने के लिए आवश्यकता के लिए तैयार रूप में उपलब्ध है और जिन्हें मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात द्वारा अधिसूचित किया गया है ।

(24) "जीवन रक्षक उपकरण" के अर्थ अतिरिक्त पुर्जों सहित उस उपकरण से है जो जीवन बचाने के लिए आवश्यक है और जिन्हें मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात द्वारा अधिसूचित किया गया है।

(25) "विनिर्माण" का अर्थ है---विशेष नाम गुण या उपयोग वाला नया उत्पाद जो हाथ अथवा मशीन से बनाया, उत्पन्न किया, गढ़ा गया, संयोजित किया गया, संसाधित किया गया अथवा तैयार किया गया हो।

(26) "विनिर्माता निर्यातक" का अर्थ उस व्यक्ति से है जो माल का निर्माण करता है तथा उनका निर्यात करता है अथवा ऐसे माल का निर्यात करना चाहता है।

(27) "व्यापारी निर्यातक" का अर्थ उस व्यक्ति से है जो व्यापार के कार्य और निर्यात के कार्य में संलग्न हो अथवा माल निर्यात करना चाहता हो।

(28) "अधिसूचना" का अर्थ उस अधिसूचना से है जो राजपत्र में प्रकाशित की जाए।

(29) "पुर्जे" का अर्थ है उपसंयोजन या संयोजन का एक तत्व जो सामान्यतया स्वयं उपभोगी न हो और जो रख-रखाव के उद्देश्य के लिए आगे से असंयोजन के लिए संशोधन करने के योग्य न हो। "पुर्जा" एक संघटक अथवा उपसाधक हो सकता है।

(30) "व्यक्ति" का अर्थ है एक व्यक्ति फर्म, सोसायटी, कम्पनी, कार्पोरेशन अथवा अन्य कोई वैध व्यक्ति।

(31) "नीति" का अर्थ समय-समय पर यथासंशोधित निर्यात-आयात नीति, 1992–97 से है।

(32) "निर्धारित" का अर्थ है आयात एवं निर्यात (नियंत्रण) अधिनियम, 1947 अथवा इसके तहत अथवा नीति के अंतर्गत बनाये गए नियम और आदेश।

(33) "सार्वजनिक सूचना" जनता की सूचना के लिए नीति के तहत प्रकाशित सूचना।

(34) "कच्ची सामग्री" का अर्थ है—

(1) मूल सामग्री जिसकी माल के विनिर्माण में आवश्यकता होती है, परन्तु यह कच्ची, स्वाभाविक, अपरिष्कृत अथवा अविनिर्मित अवस्था में हो।

(2) किसी विनिर्माता के लिए वह सामग्री या माल जिसकी उस विनिर्माण प्रक्रिया में आवश्यकता होती हो, चाहे वह सामग्री या माल वास्तव में पहले से विनिर्मित हो या उनको संसाधित किया जाए या वह अब भी कच्ची या स्वाभाविक अवस्था में हो।

(35) "पंजीकरण—सह—सदस्यता प्रमाण-पत्र" का तात्पर्य अध्याय 13 में सूचीबद्ध किसी निर्यात संवर्धन परिषद् द्वारा प्रदान की गई सदस्यता तथा पंजीकरण के प्रमाण-पत्र से है।

(36) "अतिरिक्त पुर्जे" का तात्पर्य प्रतिस्थापन के लिए किसी उप-असेम्बली या असेम्बली के अर्थात् किसी समान या एक ही तरह के भाग या उप-असेम्बली या असेम्बली के स्थान पर रखे जाने वाले किसी भाग से है। अतिरिक्त पुर्जे में संघटक या सहायक उपकरण शामिल होते हैं।

(37) "विनिर्दिष्ट" का तात्पर्य इस नीति के प्रावधानों द्वारा या के तहत विनिर्दिष्ट से है।

अध्याय—चार

निर्यात एवं आयात से सम्बन्धित सामान्य प्रावधान

8. विनियमित होने की स्थिति के अतिरिक्त स्वतन्त्र रूप से निर्यात एवं आयात इस नीति के प्रावधानों अथवा देश के अन्य सम्बद्ध कानूनों द्वारा विशेषतया विनियमित को छोड़कर समस्त निर्यात एवं आयात मुक्त होगा।

9. विनियमन का प्रकार:—केन्द्र सरकार लोकहित में आयात अथवा निर्यात किए जाने वाले माल को आयात के लिए निषेधात्मक सूची अथवा निर्यात के लिए निषेधात्मक सूची, जैसाकि मामला हो, के द्वारा विनियमित करेगी।

10. निषेधात्मक सूचियां:—निषेधात्मक सूचियों में आयात अथवा निर्यात किए जाने वाला वह माल है जो लाइसेंसिंग द्वारा अथवा अन्यथा रूप से अथवा सरणीबद्ध रूप से प्रतिषेधित है। आयात की निषेधात्मक सूची तथा निर्यात की निषेधात्मक सूची इस नीति में दी गई अनुसार होगी।

11. निषिद्ध माल:—निषिद्ध माल का आयात अथवा निर्यात नहीं किया जाएगा।

12. लाइसेंसिंग:—कोई भी माल जिसका निर्यात अथवा आयात लाइसेंसिंग के द्वारा प्रतिबंधित किया गया है। इसके लिए जारी किए गए लाइसेंस के अनुसार ही निर्यात अथवा आयात किया जा सकेगा।

13. शर्तें:—लाइसेंस पर शर्तें लाइसेंसिंग प्राधिकारी द्वारा यथा विनिर्दिष्ट होंगी तथा इसमें निम्नलिखित सम्मिलित होंगी:—

(क) माल की मात्रा, विवरण एवं मूल्य;

(ख) वास्तविक उपभोक्ता शर्त, यदि कोई है;

(ग) निर्यात आभार, यदि कोई है;

(घ) प्राप्त किया जाने वाला मूल्य संयोजन, यदि कोई है;

(ङ) न्यूनतम निर्यात मूल्य यदि, कोई है, और

(च) उद्गम का देश अथवा भवों का विवरण।

14. वैधता की अवधि:—प्रत्येक लाइसेंस में विशिष्टीकृत अवधि तक होगा और यदि लाइसेंस में कोई अवधि नहीं दी गई है तो लाइसेंसिंग वर्ष के 31 मार्च तक वैध होगा।

15. लाइसेंस अधिकार नहीं:—कोई भी व्यक्ति लाइसेंस को अधिकार समझकर नहीं ले सकता तथा लाइसेंस प्राधिकारी लाइसेंस देने से इंकार करने का अधिकार रखता है।

16. प्रक्रिया:—मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात किसी एक मामले में अथवा मामलों की श्रेणी में किसी भी आयातक अथवा निर्यातक या अन्य लाइसेंसिंग सक्षम अथवा अन्य प्राधिकारी इस अधिनियम के प्रावधानों, इसके अधीन बने आदेश तथा इस नीति को लागू करने के उद्देश्य से कोई विशेष प्रक्रिया निर्धारित कर सकता है।

17. सरणीबद्ध:—कोई भी मद जिसका आयात अथवा निर्यात सरणीबद्ध किया गया है, निषेधात्मक सूची में विशिष्टीकृत सरणीबद्ध अभिकरण द्वारा आयात अथवा निर्यात किया जाएगा। तथापि, केन्द्र सरकार सरणीबद्ध मद के लिए आयात अथवा निर्यात के लिए किसी अन्य व्यक्ति को लाइसेंस दे सकती है।

18. आयातक-निर्यातक कोड नम्बर:—इस नीति के किसी अन्य प्रावधान द्वारा विशेषतया प्राप्त छूट के अतिरिक्त आयातक-निर्यातक कोड नम्बर (आई.ई.सी.) के बिना कोई भी व्यक्ति निर्यात अथवा आयात नहीं कर सकेगा।

19. कानून का अनुपालन:—प्रत्येक निर्यातक या आयातक को आयात एवं निर्यात (नियंत्रण) अधिनियम, 1947, इसके अन्तर्गत बनाए गए आदेशों, इस नीति के प्रावधानों तथा उसको दिए गए लाइसेंस की शर्तों का अनुपालन करना होगा।

20. नीति का स्पष्टीकरण:—इस नीति में दिए गए किसी भी प्रावधान के स्पष्टीकरण के बारे में यदि किसी भी प्रकार का प्रश्न अथवा शंका उत्पन्न होती है तो ऐसे प्रश्न अथवा शंका को मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात को भेजा जाएगा तथा उसका निर्णय अंतिम होगा।

21. नीति/प्रक्रिया में ढील:—इस नीति अथवा प्रक्रिया में ढील प्राप्त करने के अनुरोध को, आवेदक की वास्तविक कठिनाई अथवा नीति या प्रक्रिया को कड़ाई से लागू करने पर व्यापार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना पर, मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात को आवश्यक ढील के लिए भेजा जाए तथा उस पर मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात जैसा उचित समझे, ऐसा आदेश पारित कर सकते हैं।

अध्याय—पांच

आयात

22. मुक्त आयात.—पूंजीगत माल, कच्चे माल, मध्यस्थों, संघटकों, उपभोज्य पदार्थों, अतिरिक्त पूर्जों, उपसाधित्रों, यन्त्रों और अन्य माल का आयात बिना किसी प्रतिबन्ध के किया जा सकता है जब तक कि उनका आयात, आयात की निषेधात्मक सूची या इस नीति के किसी अन्य प्रावधान या उस समय के लिए किसी अन्य लागू कानून द्वारा नियंत्रित न हो।

23. वास्तविक प्रयोक्ता शर्तें.—पूंजीगत माल, कच्चा माल, मध्यस्थ, संघटक, उपभोज्य पदार्थ, अतिरिक्त पुर्जे, उपसाधित्र, यन्त्र और अन्य सामान जिनके आयात पर प्रतिबन्ध नहीं है उनका आयात किसी भी व्यक्ति द्वारा किया जा सकता है चाहे वह वास्तविक प्रयोक्ता हो अथवा नहीं तथापि, यदि इनके आयात के लिए लाइसेंस की जरूरत हो, तो केवल वास्तविक प्रयोक्ता ही ऐसे माल का आयात तब तक कर सकता है जब तक कि लाइसेंस प्राधिकारी द्वारा बन्द न किया जाए।

24. पुराना माल.—पुराने पूंजीगत माल और अन्य पुराने माल का आयात तब तक नहीं किया जा सकता है जब तक कि इस नीति द्वारा अनुमति न दी गई हो या उस सम्बन्ध में जारी किए गए लाइसेंस के अनुसार न हो।

25. पुरानी मशीनों का लाइसेंस के बिना आयात.—निम्नलिखित क्षेत्रों में पुरानी मशीनों का आयात बिना किसी लाइसेंस के किया जा सकता है:—

(क) मुद्रण और संबद्ध प्रक्रियाएं।

(ख) पोशाक/होजरी/तैयार माल।

(ग) चर्म संसाधन/चर्म परिष्करण/चमड़े के सामान का विनिर्माण/चर्म परिधान विनिर्माण ।

(घ) रबड़ और कैनवास फुटवियर ।

(ङ) खेल के सामान ।

(च) विद्युत् लैम्प ।

(छ) पैकिंग और पैकिंग करने की सामग्री ।

(ज) गढ़े हुए हाथ के औजार ।

(झ) तेल क्षेत्र की सेवाएं ।

(ञ) लेखन यंत्र ।

(ट) समुद्री खाद्य पदार्थ ।

(ठ) इस आशय के लिए जारी सार्वजनिक सूचना के द्वारा विशिष्टीकृत कोई अन्य क्षेत्र ।

26. लाइसेंस के पुराने माल का आयात.—किसी अन्य पुराने पूंजीगत अथवा अन्य पुराने माल के आयात की अनुमति लाइसेंस के मद्दे दी जा सकती है ।

27. आवेदन पत्र : पुराने पूंजीगत माल के आयात के लिए लाइसेंस प्राधिकारी से आवेदन किया जा सकता है तथा आवेदन पत्र में निम्नलिखित शर्तें होंगी :—

(क) पुराने संयंत्र, मशीनरी, उपस्कर तथा उपसाधित्रों का पूर्ण विशिष्टीकरण और कीमत (कच्चा बीजक) और यदि उपलब्ध हो तो उसके साथ पूंजीगत माल की अलग-अलग कीमत, उखाड़ने की लागत, भाड़े और बीमे का भी वर्णन हो ;

(ख) संभरक द्वारा प्रस्तुत की गई निष्पादन गारंटी ;

(ग) ऐसे आयात के समर्थन में कारण और पृष्ठभूमि जिसमें वे लाभ भी शामिल हैं जो विनिर्माण किए जाने वाले एवं निर्यात किए जाने वाले प्रस्तावित उत्पादों की पूंजी लागत, उत्पादन तथा कीमतों में होंगे; और

(घ) उक्त पूंजीगत माल की मियाद और अवशिष्ट जीवन-अवधि को सत्यापित करते हुए किसी व्यावसायिक निष्पक्ष मनदी इंजीनियर या जिस देश से पुराने पूंजीगत माल का आयात किया गया हो उसके इंजीनियरों की किसी संस्था से निर्धारित प्रपत्र में एक प्रमाणपत्र ।

28. पुरानी मशीनरी के आयात की शर्तें.—पुराने पूंजीगत माल सात वर्षों से अधिक पुराने नहीं होंगे तथा उनकी न्यूनतम अवशिष्ट जीवन अवधि पांच वर्षों की होगी । सभी मामलों में पुराने पूंजीगत माल का आयात वास्तविक प्रयोक्ता शर्तों के अध्यधीन किया जाएगा ।

29. अन्य पुराना माल.—पूंजीगत माल को छोड़कर सभी पुराने माल का आयात केवल इस सम्बन्ध में जारी किए गए किसी लाइसेंस अथवा सार्वजनिक सूचना के अनुसार ही किया जा सकता है।

30. पुनः निर्यात आधार पर आयात—निम्नलिखित पूंजीगत माल का आयात पुनः निर्यात आधार पर बिना किसी लाईसेंस के किया जा सकता है :

(क) सीमाशुल्क प्राधिकारियों की सन्तुष्टि के अनुसार बन्धपत्र/बैंक गारन्टी देने पर मरम्मत के लिए पूंजीगत माल का आयात ;

(ख) जिग्स, फिक्सचर्स, डाईज और पैटर्नस (कन्टूर रोलर डाइज सहित), माउल्ड्स (डाई कास्टिंग के लिए माउल्ड्स सहित) और मुद्रण औजार; और

(ग) निर्माण मशीनरी तथा अन्य उपस्कर बशर्ते कि सीमाशुल्क प्राधिकारियों की सन्तुष्टि से बन्ध-पत्र/बैंक गारन्टी प्रस्तुत की गई हो ।

31. विदेश में मरम्मत कार्य और बिना लाइसेंस पुनः आयात.—आयातित पूंजीगत माल या उनके पुर्जे (उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं को छोड़कर) मरम्मत के लिए विदेश भेजे जा सकते हैं और बिना किसी लाइसेंस के पुनः आयात किए जा सकते हैं लेकिन शर्त यह है कि सीमाशुल्क विभाग इस तथ्य से सन्तुष्ट हो कि पुनः आयातित माल वही है, जिसका निर्यात किया गया था।

32. लाइसेंस के अधीन.—देशी पूंजीगत माल जिसमें आयातित संघटक लगे हों यदि मरम्मत के लिए उन्हें विदेश भेजा जाना आवश्यक हो, तो उसे पुनः आयात के आधार पर मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात से ऐसे निर्यात के लिए एक लाइसेंस प्राप्त करने के बाद भेजा जा सकता है।

33. प्रयुक्त मशीनरी और उपस्कर का आयात.—विदेश में परियोजनाओं के पूरा हो जाने के बाद परियोजना ठेकेदार विदेशी परियोजना के लिए क्रय और इस्तेमाल का साक्ष्य प्रस्तुत करने के आधार पर बिना लाइसेंस के प्रयुक्त निर्माण उपस्कर मशीनरी संबंधित अतिरिक्त पुर्जे, औजार तथा सहायक करण आयात कर सकते हैं। विदेश में परियोजनाओं के पूरा होने के बाद प्रयुक्त कार्यालय उपस्कर तथा वाहन भी बिना लाइसेंस के आयात किए जा सकते हैं लेकिन शर्त यह होगी कि इनका कम से कम एक वर्ष तक इस्तेमाल किया जा चुका हो।

34. उपहारों के आयात की अनुमति अलबत्ता निम्नावली के अनुसार दी जाएगी । किसी अन्य मामले में उपहारों के आयात के लिए ऐसे संस्थानों और प्रतिष्ठानों द्वारा सीमाशुल्क निकासी परमिट (सी पी पी) अपेक्षित होंगे जो इस संबंध में विनिर्दिष्ट किए जाएं । आवेदन करने पर लाइसेंसिंग प्राधिकारी द्वारा मामले के गुणावगुण पर विचार करने के उपरान्त सीमाशुल्क निकासी परमिट जारी किया जा सकता है । तथापि इस प्रकार का आयात विदेश अंशदायी (विनियमन) अधिनियम, 1976 के अध्यधीन किया जाएगा ।

35. खुले सागर में बिक्री.—भारत में आयात करने के लिए खुले सागरों में माल की बिक्री इस नीति और कुछ समय के लिए प्रचलित किसी अन्य कानून के अधीन दी जाएगी।

36. पड़ोसी देशों के साथ व्यापार.—पड़ोसी देशों के साथ व्यापार के मामले में मुख्य नियंत्रक आयात-निर्यात समय-समय पर यथाअपेक्षित विशेष अनुदेश जारी कर सकता है।

अध्याय छः

निर्यात संवर्धन पूंजीगत माल स्कीम

37. स्कीम.—निर्यात संवर्धन पूंजीगत माल (ई पी सी जी) स्कीम के अंतर्गत लाइसेंस से पूंजीगत माल का आयात किया जा सकता है ।

38. रियायती शुल्क पर आयात.—पूंजीगत माल का आयात ऐसे सामान की लागत बीमा भाड़ा मूल्य के 25% या 16% सीमाशुल्क की रियायती दर पर किया जा सकता है बशर्ते कि ऐसे आयातित माल के लागत-बीमा भाड़ा मूल्य के क्रमशः तीन गुने या चार गुने के बराबर निर्यात आभार को ऐसे आयातित माल की पहली खेप की सीमाशुल्क निकासी की तिथि से क्रमशः चार या पांच वर्षों की अवधि में पूरा कर लिया जाए।

39. पात्रता.—किसी विनिर्माता निर्यातक को इस स्कीम के तहत पूंजीगत माल का आयात करने का पात्र तभी माना जाएगा यदि वह कम से कम तीन वर्ष से नियमित रूप से निर्यात कर रहा हो। फिर भी, इस स्कीम के तहत पूंजीगत माल का आयात करने की अनुमति अन्य विनिर्माता निर्यातकों को गुण-दोष के आधार पर दी जाएगी, जो नए निर्यातक हैं अथवा जिनका निर्यात निष्पादन तीन वर्ष से कम अवधि का हो । इस स्कीम के अंतर्गत परीक्षण उपकरण, अनुसंधान एवं विकास उपकरण और पैकेजिंग मशीनरी तथा ऐसी अन्य मशीनरी या उपस्कर जैसा कि विनिर्दिष्ट किया जाए, का भी आयात किया जा सकता है।

40. पुरानी मशीनरी आयात करने के लिए शर्तें.—इस स्कीम के अंतर्गत नई और पुरानी दोनों प्रकार की मशीनरी आयात की जा सकती है। पुराने पूंजीगत माल का आयात करने के मामले में अध्याय-पांच में निहित सामान्य शर्तें लागू होंगी और लाइसेंसिंग प्राधिकारी कोई अन्य शर्त भी लगा सकते हैं।

41. निर्यात आभार.—आयातक द्वारा पूरा किया जाने वाला निर्यात आभार उसके द्वारा किए गए किसी अन्य आभार से अलग होगा और वह विगत तीन लाइसेंसिंग वर्षों के दौरान किए गए निर्यात के औसत स्तर के अतिरिक्त होगा। इसके अतिरिक्त स्कीम के अंतर्गत निर्यात आभार आयात किए जाने हेतु अनुमति पूंजीगत माल के साथ विनिर्मित उत्पादों के सीधे निर्यातों के रूप में होंगे। इस प्रयोजन हेतु अभिग्रहीत निर्यातों तथा तीसरी पार्टी के निर्यातों को हिसाब में नहीं लिया जाएगा ।

42. वास्तविक प्रयोक्ता शर्त.—स्कीम के अंतर्गत पूंजीगत माल का आयात वास्तविक प्रयोक्ता शर्त के अध्यधीन किया जाएगा ।

43. आवेदन की प्रक्रिया.—इस स्कीम के अंतरगत लाइसेंस की मंजूरी के लिए आवेदन इस संबंध में विनिर्दिष्ट प्रक्रिया के अनुसार लाइसेंसिंग प्राधिकारी के पास किया जाएगा।

44. कम्प्यूटर सिस्टम का आयात.—कम्प्यूटर सिस्टम का आयात भी उपर्युक्त पैराग्राफ 37 से 42 द्वारा शासित होगा ।

45. बन्धपत्र और बैंक गारन्टी.—विनिर्माता निर्यातक के लिए लाइसेंस में उल्लिखित मूल्य और अवधि के लिए निर्धारित प्रपत्र में बैंक गारन्टी के साथ लाइसेंसिंग प्राधिकारी के पास एक बंधपत्र निष्पादित करना आवश्यक होगा।

46. संघटकों का आयात.—पूंजीगत माल आयात करने के लिए ई.पी.सी.जी. स्कीम के अंतर्गत कोई लाइसेंसधारी इसके आयात के बजाय पूंजीगत माल किसी घरेलू संभरक से ले सकता है। ऐसे स्रोत के लिए पार्टियों के बीच पक्का ठेका होने पर घरेलू संभरक ई.पी.सी.जी. लाइसेंसधारी के लिए उक्त पूंजीगत माल के विनिर्माण एवं आपूर्ति के लिए इस योजना के अंतर्गत ऐसे संघटकों के लागत बीमा भाड़ा मूल्य के 15% के सीमाशुल्क की रियायती शुल्क दर पर संघटकों के आयात के लिए आवेदन कर सकता है। तथापि, पूंजीगत माल के आयात से संबंधित निर्यात आभार ई.पी.सी.जी. लाइसेंसधारी द्वारा पूरे किए जाते रहेंगे।

अध्याय—सात

शुल्क मुक्त स्कीम

47. शुल्क मुक्त स्कीम.—शुल्क मुक्त स्कीम के अंतर्गत निर्यात उत्पादन के उद्देश्य के लिए शुल्क मुक्त कच्चे माल, संघटकों , मध्यस्थों, उपभोज्य, पुर्जों, अतिरिक्त पुर्जों और पैकिंग सामग्रियों का आयात निम्नलिखित पांच श्रेणियों के लाइसेंस के अधीन सक्षम प्राधिकारी द्वारा शासित किए जायेंगे :

48. अग्रिम लाइसेंस.—कच्चे माल, संघटकों, मध्यस्थों, उपभोज्यों, पुर्जों, अनिवार्य अतिरिक्त पुर्जों सहित अतिरिक्त पुर्जों, पैकिंग सामग्रियों का शुल्क मुक्त आयात करने के लिए अग्रिम लाइसेंस दिए जायेंगे। ऐसे लाइसेंस निर्धारित समयबद्ध निर्यात आधार को पूरा करने तथा मूल्य संयोजन की शर्त जो भी निर्धारित की गई हो के अधीन न होंगे। अग्रिम लाइसेंस या तो मूल्य आधारित होंगे अथवा मात्रा पर आधारित होंगे। निर्यातक मूल्य आधारित या मात्रा आधारित अग्रिम लाइसेंस के लिए आवेदन कर सकता है।

49. मूल्य आधारित अग्रिम लाइसेंस.—मूल्य आधारित अग्रिम लाइसेंस में निम्नलिखित विशिष्टीकृत होगा :—

(क) आयात और निर्यात की जाने वाली मदों के नाम और विवरण;

(ख) आयात का लागत बीमा भाड़ा मूल्य ;

(ग) निर्यात उत्पाद का जहाज पर्यन्त निःशुल्क मूल्य ; और

(घ) सार्वजनिक सूचना द्वारा प्रकाशित मानक निवेश-उत्पादन मानदण्ड के अनुसार मूल्य संयोजन या उन मदों के संबंध में जिनके लिए ऐसे मानदण्ड प्रकाशित नहीं किए गए हैं, उनका मूल्य संयोजन जैसा कि सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्धारित किया जाए। संवेदनशील मदों के बारे में, अथवा जहां सक्षम प्राधिकारी ऐसा करना आवश्यक समझे, आयात की जाने वाली प्रत्येक संवेदनशील मद की मात्रा एवं लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य का उल्लेख भी लाइसेंस में निर्धारित किया जाएगा।

50. मात्रा पर आधारित अग्रिम लाइसेंस.—मात्रा पर आधारित अग्रिम लाइसेंस में निम्नलिखित विशिष्टीकृत होगा :—

(क) आयात एवं निर्यात किए जाने वाली मदों के नाम व विवरण

(ख) आयात किए जाने वाली प्रत्येक मद की मात्रा ;

(ग) आयात किए जाने वाली प्रत्येक मद का लागत-बीमा भाड़ा मूल्य;

(घ) निर्यात की मात्रा और जहाज पर्यन्त निःशुल्क मूल्य; और

(ङ) मूल्य संयोजन ।

51. निवेश-उत्पाद मानदण्ड.—ऐसे लाइसेंसों में समाविष्ट किए जाने वाले मात्रा के मानदण्ड सार्वजनिक सूचना द्वारा प्रकाशित मानक निवेश-उत्पादन मानदण्ड के अनुसार होंगे या, उन मदों के संबंध में जिनके लिए ऐसे मानदण्ड प्रकाशित नहीं किए गए हैं, मात्रा के मानदण्ड सक्षम प्राधिकारी द्वारा नियत किए जायेंगे।

52. मानदण्डों में परिवर्तन.—मुख्यालय की अग्रिम लाइसेंसिंग समिति (ए एल सी) की संस्तुति पर मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात मानदण्डों में परिवर्तन या अतिरिक्त मानदण्ड निर्धारित कर सकता है।

53. नम्य मूल्य संयोजन.—मूल्य संयोजन प्राप्त करने के लिए निर्यातक को नम्यता उपलब्ध कराने के लिए उसी क्षेत्र में निर्यात उत्पादों की श्रेणी या श्रेणियों के लिए मात्रा या मूल्य आधारित अग्रिम लाइसेंस प्रदान किया जाए। लाइसेंस में आने वाली प्रत्येक ऐसी श्रेणी के लिए आयात और निर्यात के मूल्य को प्राप्त करने के लिए निर्यात आभार एवं मूल्य संवर्धन को प्राप्त किया माना जाएगा। यह स्कीम फार्मास्युटीकल्स सैक्टर और ऐसे अन्य सैक्टरों के संबंध में शामिल की जाएगी जैसा भी इस संबंध में मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात द्वारा नियत किया जाए।

54. स्वत: घोषित, पास बुक स्कीम.—निर्यातकों की कुछ श्रेणियों के लिए अग्रिम लाइसेंस स्कीम के अधीन स्वत: प्रमाणीकरण और स्वत: घोषणा की एक स्कीम आरम्भ की जा रही है।

स्टार व्यापार सदन, व्यापार सदन और निर्यात सदन आपस में इस स्कीम का उपयोग करने के पात्र होंगे। मुख्य नियंत्रक आयात-निर्यात द्वारा इस बारे में विशिष्टिकृत किए जाने वाले अन्य उत्पादों के निर्यातक भी आपस में इस स्कीम का लाभ उठा सकते हैं।

इस स्कीम के अधीन निर्यातक को आयात और निर्यात की जाने वाली मदों का नाम और ब्योरा तथा ऐसे निर्यात के माध्यम से प्राप्त किए जाने वाला मूल्य संयोजन बताने वाली पास बुक जारी की जाएगी। निर्यातक को पास बुक के आयात की तरफ आयात की जाने वाली मदों का ब्योरा और आयात का लागत बीमा भाड़ा मूल्य की प्रविष्टि करने की अनुमति होगी। वह प्रमाणित और घोषणा करेगा कि विषय वस्तु सही है। ऐसे स्वत: प्रमाणीकरण और स्वत: घोषणा के आधार पर सीमा शुल्क प्राधिकारी कच्चे माल, संघटकों, मध्यस्थों, उपभोज्यों, अनिवार्य अतिरिक्त पुर्जों सहित अतिरिक्त पुर्जों, खड़ों और पैकिंग सामग्री आदि के आयात की अनुमति देगा। निर्यातक निर्यात किए जाने के बाद, पास बुक में निर्यात पक्ष की और निर्यात की गई मदों का नाम और ब्योरा तथा प्राप्त मूल्य-संयोजन की प्रविष्टि करेगा। वह प्रमाणित और घोषणा करेगा कि विषय वस्तु सही है। स्वत: प्रमाणीकरण और स्वत: घोषणा के आधार पर सीमाशुल्क प्राधिकारी किए जाने वाले निर्यात को अनुमति करेगा।

पासबुक एक वर्ष की अवधि के लिए वैध होगी और समय-समय पर उसका नवीनीकरण करवाया जा सकता है।

पासबुक धारक द्वारा आयात के लागत बीमा भाड़ा मूल्य के बराबर बैंक गारन्टी/वित्तिक बचनबद्धता (एल.यू.टी.) लाइसेंसिंग प्राधिकारी को प्रस्तुत की जाएगी। बैंक गारन्टी/वित्तिक बचनबद्धता आयात के लागत बीमा भाड़ा मूल्य के अनाधिक राशि के लिए वैध रखी जाएगी। जिसके मद्दे अभी निर्यात किया जाना है।

55. अग्रिम मध्यवर्ती लाइसेंस.—मध्यवर्ती उत्पादों के विनिर्माताओं द्वारा सुनिश्चित समयबद्ध आपूर्ति प्रबन्ध के अंतर्गत शुल्क मुक्त स्कीम के लाइसेंस धारक अन्ततः निर्यातक को सप्लाई करने के लिए शुल्क मुक्त कच्चे माल, संघटकों, मध्यस्थों, उपभोज्यों, पुर्जों, अतिरिक्त पुर्जों और पैकिंग सामग्री के शुल्क मुक्त आयात के लिए अग्रिम मध्यवर्ती लाइसस दिए जायेंगे मध्यवर्ती लाइसेसधारी को यह विकल्प होगा कि वह शुल्क लाइसेंसधारी को आपूर्ति को अथवा विशिष्टि से अवधि में तथा विशिष्टि मूल्य संयोजन पर सीधे ही निर्यात कर ले। अग्रिम लाइसेंस के लिए लागू मूल्य तथा वांछित मानदण्ड मध्यवर्ती अग्रिम लाइसेंसों पर भी लागू होंगे।

56. विशेष अग्रदाय लाइसेंस.—विशेष अग्रदाय लाइसेंस कच्चे माल, संघटकों, मध्यस्थों, उपभोज्यों, पुर्जों, अनिवार्य अतिरिक्त पुर्जों सहित अतिरिक्त पुर्जों पैकिंग सामग्रियों और अनिवार्य अतिरिक्त पुर्जों के स्वतंत्र आयात के लिए प्रमुख/उप-ठेकेदारों को निम्न मामलों में प्रदान किए जाते हैं :—

(1) संयुक्त राष्ट्र संगठनों को या संयुक्त राष्ट्र और अन्य बहुराष्ट्रीय अभिकरणों के सहायता कार्यक्रम के अंतर्गत की गई आपूर्ति तथा मुक्त विदेशी मुद्रा में किया गया भुगतान :

(2) निम्नलिखित बहुपक्षीय या द्विपक्षीय अभिकरणों/निधियों या अंतर्राष्ट्रीय उपयोगी बोली के तहत या उन अभिकरणों/निधियों की प्रक्रियाओं के अनुसार सीमित निविदा पद्धति के तहत केन्द्र सरकार द्वारा अधिसूचित किसी अन्य अभिकरण/निधि द्वारा वित्तपोषित परियोजनाओं को माल का संभरण:—

(1) अरब आर्थिक विकास के लिए आबूधाबी फण्ड

(2) एशियाई विकास बैंक (ए. डी.बी.)

(3) के. एफ. डब्ल्यू. के माध्यम से जर्मन सहायता

(4) अंतर्राष्ट्रीय पुन: निर्माण और विकास बैंक (आई. बी. आर. डी./आई. डी.ए.)।

(5) कृषि विकास अंतर्राष्ट्रीय निधि (आई एफ ए डी)

(6) अरब आर्थिक विकास के लिए कुवैती निधि

(7) पैट्रोल निर्यातक देश संघनिधि (ओपेक)

(8) सऊदी विकास निधि (एस एफ डी)

(9) संयुक्त राज्य अंतर्राष्ट्रीय विकास अभिकरण (यू.एस.ए, आई.डी.)

(10) विदेश आर्थिक सहयोग निधि के माध्यम से मार्गीकृत येन क्रेडिट (ओ.ई.सी.एफ.)

(3) निर्यात संसाधन क्षेत्र यूनिटों तथा निर्यात अभिमुख यूनिटों को इस सम्बन्ध में जारी सार्वजनिक सूचना द्वारा विनिर्दिष्ट ऐसे माल का या विशेष अग्रदाय लाइसेंस में विनिर्दिष्ट किसी अन्य माल का संभरण।

(4) तेल और प्राकृतिक गैस आयोग (ओ एन जी सी) आयल इंडिया लि. (ओ आई एल) और भारतीय गैस प्राधिकरण (जी.ए.आई.एल.) के अपतटी दोनों समुद्री एवं तटवर्ती अन्वेषण ड्रिलिंग उत्पादन संक्रियाओं के लिए कच्चे माल, संघटकों, मध्यस्थों, उपभोज्यों पुर्जों उपस्करों यंत्रों, सहायक उपकरणों, औजारों और अतिरिक्त पुर्जों की आपूर्ति ;

(5) भारतीय मुख्य ठेकेदारों द्वारा उर्वरक संयंत्रों के लिए पूंजीगत माल का संभरण यदि संभरणों अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगी बोली के अधीन किया गया है।

57. विशेष अग्रदाय लाइसेंस मात्रा पर आधारित होंगे और निवेश उत्पादन मानदण्ड सक्षम प्राधिकारी द्वारा नियत किए जायेंगे ।

58. अग्रिम सीमाशुल्क निकासी परमिट.—अग्रिम सीमाशुल्क निकासी परमिट (ए.सी.सी.पी.) कार्य प्रयोजन मरम्मत, सेवा, पुनः स्थापना, सुधार, नवीकरण और इनमें प्रतिरूप, आरेख, जिग्स, औजार, फिक्सचर्स, मोल्डस, टैकल्स तथा औजारों जोकि निर्यात आदेश से प्रत्यक्ष रूप में संबंधित हों और जिनकी आपूर्ति विदेशी क्रेता द्वारा निःशुल्क की जाती है लेकिन जिनका निर्यात उत्पाद के साथ ही पुनः निर्यात किया जाना होता है के लिए शुल्क मुक्त माल के आयात के लिए दिया जाता है। आयातित मोल्डों, प्रतिरूपों आदि के बनाए रखने के लिए किए गए आवेदनों पर निर्यात आभार पूरा होने के बाद और आयात की तिथि को लगने वाली सीमाशुल्क के भुगतान तथा सक्षम प्राधिकारी द्वारा लगाई गई अन्य शर्तों के पूरा करने पर अग्रिम लाइसेंसिंग समिति द्वारा अनुमति दी जा सकती है।

59. पात्रता.—कोई व्यक्ति जो एक व्यापारी निर्यातक या विनिर्माता निर्यातक है, आयात-निर्यात कोड संख्याधारी है विशिष्टि निर्यात आदेश/आदेश साख-पत्र धारक है और स्वयं के नाम पर निर्यात लाभ की वसूली की स्थिति में है यह शुल्क मुक्त लाइसेंसों के लिए आवेदन कर सकता है।

60. मूल्य संयोजन.—इस सम्बन्ध में जारी सार्वजनिक सूचना के द्वारा अथवा विनिर्दिष्ट मूल्य संयोजन मानदण्ड शुल्क मुक्त लाइसेंसों पर लागू होंगे। इन लाइसेंसों में सूचीबद्ध न होने वाले उत्पादों पर 33 प्रतिशत का न्यूनतम मूल्य संयोजन होगा। तथापि, अग्रिम लाइसेंसिंग समिति, कम मूल्य संयोजन पर किन्तु 25 प्रतिशत से कम नहीं, लाइसेंस देने के अनुरोधों पर तकनीकी आधारों पर विचार कर सकती है।

61. रुपया भुगतान क्षेत्र देशों को निर्यात.—रुपया भुगतान क्षेत्र को निर्यात इस संबंध में समय-समय पर जारी होने वाली सार्वजनिक सूचनाओं द्वारा यथा निर्धारित मूल्य संयोजन के अनुसार होगा।

62. उत्पादन कार्यक्रम के अंतर्गत लाइसेंस.—निर्यातक बिना किसी निर्यात आदेश के, विशेष अग्रदाय लाइसेंस से भिन्न शुल्क मुक्त लाइसेंस के लिए आवेदन कर सकते हैं। निर्यात आदेश के बिना आवेदन के मामले में लाइसेंस का मूल्य गत तीन वर्षों के निर्यात निष्पादन के जहाज पर्यन्त निःशुल्क मूल्य के औसत के बराबर से अधिक नहीं होगा।

विनिर्माता एवं व्यापारी जिनका गत तीन वित्तीय वर्षों के दौरान वार्षिक औसत कारोबार 5 करोड़ रुपये है वे बिना किसी निर्यात आदेश के निर्यात उत्पादन की अपनी मांगों को पूरा करने के लिए विशेष अग्रदाय लाइसेंस से भिन्न शुल्क मुक्त लाइसेंसों के लिए आवेदन कर सकते हैं। ऐसे लाइसेंस का मूल्य वार्षिक औसत कारोबार के 25 प्रतिशत से अधिक नहीं होना चाहिए।

63. निर्यात आभार.—इस स्कीम के अधीन जारी किए गए लाइसेंस पर उपर्युक्त निर्यात आभार होगा जिसको निम्न लिखित निर्धारित अवधियों के अन्दर पूर्ण किया जाना जरूरी होगा –

क्रम सं.	निर्यात उत्पाद	अवधि
1.	परियोजना/टर्न-की परियोजना की मदें ।	निर्यात/संभरण की संविदा अवधि तक
2.	इंजीनियरिंग मदें [उपर्युक्त (1) में आने वाली मदों के अतिरिक्त]	12 महीने
3.	कम्प्यूटर हार्डवेयर्स पैरीफरल्स कैसेट्स (आडियो या वीडियो)	6 महीने
4.	अन्य	9 महीने

निर्यात आभार को पूरा करने की अवधि में वृद्धि के अनुरोध पर लाइसेंसिंग प्राधिकारी अथवा सक्षम प्राधिकारी द्वारा विचार किया जा सकता है ।

64. अग्रिम रिलीज आदेश:—शुल्क मुक्त लाइसेंसधारी को यह विकल्प है कि वह या तो सीधे लाइसेंस के अधीन अनुमित मदों का आयात करे या विदेशी मुद्रा/भारतीय रुपयों में नामोद्दिष्ट अग्रिम रिलीज आदेश के मद्दे देशीय स्रोतों/सरणीबद्ध अभिरणों से प्राप्त करें । अग्रिम रिलीज आदेश आवेदन करने पर उस लाइसेंसिंग प्राधिकारी द्वारा जिसने शुल्क मुक्त लाइसेंस जारी किया है अथवा इसके लिए प्राधिकृत अन्य लाइसेंस प्राधिकारी द्वारा दिया जा सकता है ।

65. स्त्रोत एवं निकासी:—शुल्क मुक्त लाइसेंस धारक पहले से आयातित तथा सीमा गोदाम में रखे माल को प्राप्त अथवा निकाल सकता है । शुल्क मुक्त लाइसेंसधारक निर्यात संसाधित क्षेत्र/यूनिटों अथवा शत-प्रतिशत निर्यात अभिमुख यूनिटों में विनिर्मित या संसाधित माल को प्राप्त अथवा निकाल सकते है । किसी मामले में शुल्क मुक्त लाइसेंस-धारक लाइसेंसिंग प्राधिकारी से अग्रिम रिलीज आदेश प्राप्त करने हेतु आवेदन करेगा और प्राप्त करेगा ।

66. लाइसेंस की प्रत्याशा में निर्यात:—लाइसेंसिंग प्राधिकारी द्वारा इस स्कीम के अन्तर्गत आवेदन प्राप्त होने की तारीख से किया गया निर्यात/संभरण निर्यात आभार अदा करने पर स्वीकार किया जा सकता है । सीमाशुल्क प्राधिकारी द्वारा शुल्क मुक्त शिपिंग बिलों से ड्राबैक शिपिंग बिलों में परिवर्तन की अनुमति भी दी जा सकती है यदि लाइसेंसिंग प्राधिकारी द्वारा आवेदन अस्वीकृत या परिवर्तित कर दिया गया है ।

67. अग्रिम लाइसेंस को ट्रांसफर करना : निर्यात आभार पूर्ण होने, निर्यात वसूली पूरी कर ली हो और बैंक गारन्टी/विधिक वचनबद्धता की विमुक्ति पर मूल्य और गुणवत्ता पर आधारित अग्रिम लाइसेंसों या उनके मद्दे आयातित सामग्री मुक्त रूप से स्थानान्तरणीय होगी । यह सुविधा उन मामलों में उपलब्ध नहीं होगी । जहां केन्द्रीय उत्पाद नियमों के नियम-191-ख के तहत मोडवेट/प्रोफार्मा ऋणसुविधा का उपयोग कर लिया गया है ।

68. अनिवार्य अतिरिक्त पुर्जे:—ऐसे मामलों में जहां इस स्कीम के अन्तर्गत अनिवार्य अतिरिक्त पुर्जों का आयात अनुमित कर दिया गया हैं वहां ऐसे आवश्यक अतिरिक्त पुर्जों का लाइसेंस के मूल्य के 5 प्रतिशत की अधिकतम सीमा तक ऐसे अनिवार्य अतिरिक्त पुर्जों के आयात की अनुमति दी जा सकती है ।

69. निषिद्ध मदें:—इस स्कीम के अधीन आयात की निषेधात्मक सूची में दी गई वर्जित मदों का आयात निषिद्ध है ।

70. शुल्क वापसी/अन्तर्राष्ट्रीय मूल्य पुनः अदायगी की स्वीकार्यता:—इस स्कीम के अन्तर्गत निर्यात किए गए उत्पादों पर कोई शुल्क वापसी तथा अन्तर्राष्ट्रीय मूल्य पुनः अदायगी (आई पी आर एस) अनुमेय नहीं होगा ।

71. दण्ड:—इस स्कीम के अन्तर्गत किसी लाइसेंसधारक के निर्यात आभार को पूरा करने में असफल होने पर या किसी लाइसेंसिंग शर्त का उल्लंघन करने पर वह केन्द्रीय सरकार द्वारा इस आशय के लिए जारी किए गए आदेश के अन्तर्गत निर्धारित दंड का भागी होगा ।

72. सोने और चांदी के आभूषणों तथा वस्तुओं के लिए अग्रिम लाइसेंस के लिए स्कीम:—निम्न सोने और चांदी के आभूषणों व वस्तुओं के शुल्क मुक्त आयात के लिए अग्रिम लाइसेंस दिया जा सकता है ।

(1) गोल्ड माउन्टिंग्स साकेट्स फ्रेम्स और 18 कैरेट तथा कम की फाइन्डिंग्स; और

(2) चांदी माउन्टिंग्स साकेटस फ्रेम्स और फाइन्डिंग्स आदि ।

73. शर्तें:—यह स्कीम अपरिवर्तनीय साख पत्र स्वीकृति के मद्दे दस्तावेज और/या सुपुर्दगी आधार पर नकद भुगतान की अदायगी से समर्थित निर्यातों पर सीमित होगी । सीमा शुल्क प्राधिकारियों द्वारा निर्दिष्ट विशिष्ट पत्तनों से ही आयात अनुमेय होगा ।

74. निर्यात आधार:—निर्यात केवल पूर्व आयात के मद्दे अनुमत होगा । निर्यात-आधार आयात की प्रथम परेषण की तिथि से आरम्भ होगा और उसे उक्त तिथि से 120 दिनों के अंदर पूर्ण किया जाना अपेक्षित होगा ।

75. मूल्य संयोजन—मूल्य-संयोजन की गणना उस मूल्य पर की जा सकती है जिस पर सोना (छीजन सहित) और चांदी तत्व (बिना छीजन के) आयात किया गया है । माउन्टिंग्स, फाइन्डिंग्स आदि के लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य को भी ध्यान में रखा जाएगा और उनका आयात/निर्यात बराबरी के आधार पर होगा । सोने/चांदी के आभूषणों और वस्तुओं के लिए न्यूनतम मूल्य संयोजन क्रमशः 15 प्रतिशत और 25 प्रतिशत है ।

जा सकती है । सोने की माउन्टिंग्स/फाइन्डिंग्स आदि पर धार में 3 प्रतिशत होने की छीजन अनुमित है । यदि निर्यात का जहाज

76. वेस्टेज या हानि—परिशिष्ट II की तालिका में यथानिर्दिष्ट अनुसार सोने की छीजन या विनिर्माण में हानि अनुमति की पर्यन्त निःशुल्क मूल्य निर्धारित निर्यात-आधार से अधिक है तो प्रक्रिया पुस्तक में निर्धारित फार्मूले के अनुसार आधिक्य मूल्य पर रत्न प्रतिपूर्ति लाइसेंस जारी किया जा सकता है ।

77. इस अध्याय के प्रयोजन के लिए "मूल्य संयोजन" प्रतिशत के रूप में अभिव्यक्त होगी और उसकी गणना निम्नलिखित फार्मूले के अनुसार होगा :

$$\text{वी ए} = \frac{\text{ए} - \text{बी}}{\text{बी}} \times 100 \text{ जहां}$$

वी ए मूल्य संयोजन है

ए—लाइसेंस में शामिल उत्पाद के निर्यात से वसूल किया गया जहाज पर्यन्त निःशुल्क मूल्य है और

बी—लाइसेंस में शामिल आयातित निवेश का लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य है ।

अध्याय—आठ

हीरे, रत्न और जेवरात निर्यात संवर्धन स्कीम

78. रत्न और जेवरात के लिए स्कीम:—रत्न और जेवरात निर्यातक इस सम्बन्ध में विनिर्दिष्ट प्रक्रिया के अनुसार सक्षम प्राधिकारी से प्रतिपूर्ति लाइसेंस और हीरे/डी टी सी अग्रदाय अनुज्ञापत्र प्राप्त करके अपने निवेशों का आयात कर सकते है ।

79. प्रतिपूर्ति लाइसेंस:—परिशिष्ट एक में सूचीबद्ध रत्न और जेवरात उत्पादों के निर्यातक, अपने निवेशों के आयात और प्रतिपूर्ति के लिए उक्त परिशिष्ट में उल्लिखित दर पर और उसमें दी गई मदों के लिए, प्रतिपूर्ति लाइसेंस प्रदान किए जाने के पात्र होंगे । इस प्रकार के लाइसेंस हस्तान्तरणीय होंगे । हीरे/डी टी सी अग्रदाय लाइसेंसों के मद्दे निर्यात आभार को पूर्ण करने के लिए किया गया निर्यात इस लाभ के लिए पात्र नहीं होगा ।

80. हीरे और डी. टी. सी. अग्रदाय लाइसेंस:—कटे हुए और पालिश किए हुए हीरों के निर्यात के लिए तथा अपरिष्कृत हीरों के आयात के लिए हीरा और डी टी सी अग्रदाय लाइसेंस अग्रिम रूप में जारी किए जा सकते है । ये लाइसेंस अहस्तांतरणीय होते है । तथापि आयातित माल को संसाधित करने के लिए दूसरे व्यक्ति को हस्तान्तरित किया जा सकता है लेकिन निर्यात आधार पूर्ण करने का दायित्व लाइसेंसधारी का ही होगा । ये लाइसेंस प्रतिपूर्ति के 65 प्रतिशत के विलोम अनुपात में निर्धारित निर्यात आभार वहन करेंगे, अर्थात् यदि लाइसेंस 65 अमरीकी डालर के लागत बीमा भाड़ा मूल्य के लिए जारी किया जाता है तो निर्यात आभार का जहाज पर्यन्त निःशुल्क मूल्य 100 अमरीकी डालर होगा । छूट प्रदान करते समय लाइसेंसधारी की वास्तविक हकदारी की उक्त परिशिष्ट में दिए गए समान निर्यात उत्पादों के लिए अनुमित प्रतिपूर्ति दरों के संदर्भ में पुनः गणना की जा सकती है । इस प्रकार की पुनः गणना करने से, यदि लाइसेंसधारी की हकदारी 65 अमरीकी डालर से अधिक बनती है (जैसा कि उपर्युक्त उदाहरण में दर्शाया गया है) तो लाइसेंसिंग प्राधिकारी अपरिष्कृत हीरों के आयात हेतु उस मूल्य के बराबर, जो भी 65 अमरीकी डालर से अधिक हो, प्रतिपूर्ति लाइसेंस जारी करेंगे ।

81. हीरा अग्रदाय लाइसेंस:—कोई निर्यातक निम्नलिखित अनुसार लाइसेंस के लिए आवेदन कर सकता है ।

(क) यदि उसने पिछले तीन वर्षों से कम समय में कटे हुए और पालिश किए हुए हीरों का निर्यात किया है तो स्वयं के नाम में वैध निर्यात संविदा के मद्दे; अथवा

(ख) यदि उसने कम से कम 3 वर्षों का निर्यात किया है तो पिछले तीन लाइसेंसिंग वर्षों में सर्वोत्तम वर्ष के निर्यात निष्पादन और साथ ही उसके 25 प्रतिशत के मद्दे ।

82. निर्यात आभार:—निर्यात आभार की पूर्ति सीमाशुल्क के जरिए पहली खेप की निकासी की तारीख से सात महीनों के अन्दर की जाएगी ।

83. डी. टी. सी. अग्रदाय लाइसेंस:—किसी भी नियमित डी. टी. सी. साइट होल्डर के लिए वार्षिक डी टी सी लाइसेंस अनुमित हो सकता है जो कि उसके द्वारा परवर्ती वर्ष में प्राप्त सभी डी टी सी साइटों (प्रतिपूर्ति लाइसेंस : दृदे निष्पादित साइटों को छोड़कर) के समेकित मूल्य के डेढ़ गुणा के बराबर होगा । इसमें डेढ़ प्रतिशत तक कमीशन/दलाली अधिभार भी जोड़ा जा सकता है बशर्ते कि निर्यात आधार में तदनुरूप वृद्धि की गई हो । नए साइट होल्डर डी टी सी लन्दन से साइट के आबंटन हो जाने पर मासिक आधार पर लाइसेंस के लिए भी आवेदन कर सकते है । ये लाइसेंस केवल डी टी सी लन्दन से आयात के लिए ही वैध होंगे । निर्यात आभार प्रथम परेषण के आयात की तिथि से 20 दिनों के अन्दर और प्रत्येक साइट के लिए लाइसेंस पर किए गए पृष्ठांकन के अनुसार, पूरा कर लिया जाएगा ।

84. अपरिष्कृत हीरों के लिए थोक लाइसेंस:—अपरिष्कृत हीरों के लिए थोक लाइसेंस, वैध आर ई पी/हीरा अग्रदाय लाइसेंसों के धारकों की मांगों को पूरा करने के लिए, मैसर्स हिन्दुस्तान डायमण्ड कम्पनी लि. (एच. डी. सी. एल.) बम्बई तथा खनिज एवं धातु व्यापार निगम (एम. एम. टी. सी.) लि., नई दिल्ली को जारी किए जा सकते है ।

85. पुनः निर्यातः—अपरिष्कृत हीरों का पुनः निर्यात करने वाला कोई निर्यातक ऐसे पुनः निर्यात पर कमीशन सहित विदेशी मुद्रा लागत घटाकर शत-प्रतिशत लागत बीमा-भाड़ा मूल्य की दर से आयात प्रतिपूर्ति का पात्र हो सकेगा । डी. टी. सी. लन्दन और खानों से (खान के चालू रहने की दशा में) आयातों के मामलों में अपरिष्कृत हीरों के मूल्य क्रमशः 5 प्रतिशत और 10 प्रतिशत तक पुनः निर्यात अनुमित हो सकता है । किसी अन्य स्त्रोत से किए गए आयात के लिए पुनः निर्यात आयातित अपरिष्कृत हीरों के मूल्य के 5 प्रतिशत से अधिक नहीं होगा लेकिन यह सुविधा थोक लाइसेंसधारियों द्वारा किए गए आयातों पर नहीं मिलेगी ।

86. सोने और चांदी के जेवरात के लिए स्कीमें:—सोने और चांदी के जेवरात के निर्यातक इस संबंध में निर्धारित प्रक्रियानुसार सक्षम लाइसेंसिंग प्राधिकारियों द्वारा प्रदत्त आयात लाइसेंसों के माध्यम से सोना, चांदी माऊंटिंग्स, फाइंडिंग्स, अपरिष्कृत रत्न, कीमती और अर्द्ध-कीमती सिंथेटिक पत्थर और असंसाधित मोती आदि जैसे अपने अनिवार्य निवेशों का आयात कर सकते है ।

87. सोने/चांदी की अन्तर्वस्तुः—निर्यात किए जाने पर निम्नलिखित मदों को इन स्कीमों के अन्तर्गत सुविधा मिल सकेगी :

(क) 8 कैरेट या अधिक सोना तत्व वाले सोने के जेवरात तथा वस्तुएं (सिक्कों को छोड़कर) चाहे सादे हों या जड़े हुए; और

(ख) भार में 50 प्रतिशत से अधिक चांदी वाले चांदी के जेवरात और वस्तुएं (सिक्कों और किन्हीं इंजीनियरी माल को छोड़कर) ।

88. स्कीमः—सोने/चांदी के जेवरात और वस्तुओं का निर्यात निम्नलिखित स्कीमों के अन्तर्गत किया जा सकता है :

क. विदेशी क्रेता द्वारा संभरित सोने/चांदी के भद्दे सोने/चांदी के जेवरात और वस्तुओं के निर्यात के लिए योजनाः

इस योजना के अन्तर्गत विदेशी क्रेता सोने या चांदी के जेवरात और उनसे बनने वाली वस्तुओं के विनिर्माण और अंतिम निर्यात के लिए अग्रिम रूप में निःशुल्क सोने या चांदी का संभरण कर सकता है। वह इसी प्रकार चांदी के गुलाय, फाइंडिंग्स, माउंटिंग्स आदि और 18 कैरेट और कम के सोने का संभरण भी कर सकता है। निर्यात आदेश में निम्नलिखित की व्यवस्था होनी चाहिए ।

(1) वेस्टेज की अनुमति के बाद अपेक्षित सोने और चांदी की मात्रा की सीमा तक सोने और चांदी का निःशुल्क संभरण; और

(2) अपरिवर्तनीय साखपत्र के द्वारा विनिर्माण और अन्य लागतों का भुगतान अथवा सुपुर्दगी पर नकद भुगतान अथवा विदेशी मुद्रा में अग्रिम भुगतान संग्रह आधार पर (स्वीकृति पर दे दस्तावेज) सोने के जेवरात का निर्यात भी किया जा सकता है। निर्यात आदेश केवल एक विदेशी क्रेता से ही सम्बन्धित होना चाहिए। सोना, चांदी, जवाहरात और वस्तुओं के निर्यात के लिए बनी यह योजना हस्तशिल्प और हथकरघा निर्यात निगम (एच. एच. ई. सी.) (या वाणिज्य मंत्रालय द्वारा नामित किसी अन्य सार्वजनिक क्षेत्र के अभिकरण द्वारा) प्राप्त निर्यात आदेशों के लिए लागू होगी। नामित अभिकरण प्रत्यक्ष रूप से या अपनी पात्र संस्थाओं के माध्यम से निर्यात कर सकती हो। निर्यात केवल हवाई भाड़े और बम्बई, कलकत्ता, मद्रास, दिल्ली, जयपुर, बंगलौर और कोचिन स्थित सीमाशुल्क सदनों के जरिए ही अनुमित होगा।

प्रत्येक माह के शुरू में एच. एच. ई. सी. द्वारा घोषित सोने और चांदी के मूल्यों पर सोना तत्व (वेस्टेज समेत) और चांदी तत्व (वेस्टेज रहित) के मूल्य के संदर्भ में मूल्यसंयोजन की गणना की जा सकती है। माउन्टिंग्स, फाइंडिंग्स आदि के लिए मूल्यसंयोजन, नामित अभिकरण द्वारा तय किये गये आयातों के लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य पर आधारित होगा। सोना और चांदी जवाहरात वस्तुओं के लिए न्यूनतम मूल्य संयोजन क्रमशः 15 प्रतिशत और 25 प्रतिशत है। माउन्टिंग्स और फाउंडिंग्स आदि का आयात निर्यात निबल के लिए निबल के आधार पर होगा।

ख. अनुमोदित प्रदर्शनी में बिक्री के लिये सोने और चांदी जवाहरात और वस्तुओं के निर्यात की स्कीम

इस स्कीम के अन्तर्गत हस्तशिल्प और हथकरघा निर्यात निगम (एच. एच. ई. सी.) राज्य व्यापार निगम (एस. टी. सी.)/भारतीय व्यापार संवर्धन संगठन (आई. टी. पी. ओ.)/खनिज एवं धातु व्यापार निगम (एम एम. टी.सी.) और उनकी पात्र सहयोगी संस्थानों द्वारा किया गया निर्यात आता है। ये संगठन नामित अभिकरणों के रूप में कार्य करते है। यदि वाणिज्य मंत्रालय अनुमोदन कर देता है, तो इस स्कीम के अन्तर्गत अन्य व्यक्ति को भी निर्यात की अनुमति है। प्रदर्शनी लगाने के लिए निर्यात परेषण आधार पर किये जायेंगे और यह निम्नलिखित शर्त के अध्यधीन होगा।

(1) विदेश में न बिकी हुई मद प्रदर्शनी बंद होने के 45 दिनों के अन्दर आयात कर ली जायेगी; और

(2) विदेश में बिकी हुई मदों के लिए सोना और चांदी तत्व प्रतिपूर्ति के रूप में प्रदर्शनी बंद होने के 60 दिनों के अन्दर, आयात कर लिये जायेंगे। नामित अभिकरण निर्यात अनुमित होने से पहले सीमाशुल्क प्राधिकारियों के पास इस आशय के एक बंधपत्र प्रस्तुत करेगा। दूसरों द्वारा आयोजित प्रदर्शनियों में, भारतीय रिजर्व बैंक या सीमाशुल्क प्राधिकारियों के नियमों के अन्तर्गत यथाअपेक्षित बंधपत्र या. बैंक गारंटी आयोजक स्वयं ही प्रस्तुत करेंगे। प्रदर्शनी बंद होने के उपरांत निर्यातक भारतीय स्टेट बैंक या प्रदर्शनी बंद होने से पहले प्रदर्शनी के स्थान पर उनके एजेंटों की सहायता से या प्रदर्शनी बंद होने के 50 दिनों के भीतर भारत में भारतीय स्टेट बैंक की अधिकृत शाखाओं की सहायता से प्रतिपूर्ति के उद्देश्य के लिए, बुकिंग करेगा।

मूल्य संशोधन की गणना, सोना तत्व (वेस्टेज समेत) और चांदी के तत्व (वेस्टेज सहित) उस मूल्य के आधार पर की जायेगी जिस पर प्रतिपूर्ति अनुमित हो सकती है या उस मूल्य पर जिस पर निर्यात बीजक बताया गया, था, इनमें जो भी उच्चतर हो, की जायेगी। निर्यातक, निर्यात बीजक बनाने समय एच. एच. ई. सी. द्वारा अधिसूचित सोना चांदी के मासिक मानदण्ड मूल्य का प्रयोग कर सकते हैं। सोना/चांदी जवाहरात वस्तुओं के लिये न्यूनतम मूल्य संयोजन क्रमशः 15% और 25% है। है। अपेक्षित दस्तावेज प्रस्तुत करने पर लाइसेंसिंग प्राधिकारी द्वारा उपयुक्त रिलीज आदेश और रत्न प्रतिपूर्ति लाइसेंस जारी किया जा सकता है।

ग. सोना और चांदी जेवरात और वस्तुओं की निर्यात संवर्धन और प्रतिपूर्ति स्कीम

यह स्कीम सोना/चांदी जेवरात और वस्तुओं के निर्यात के मद्दे भारतीय स्टेट बैंक की पदनामित शाखाओं अथवा वाणिज्य मंत्रालय द्वारा नामित किसी अन्य अभिकरण के जरिए सोना/चांदी की खरीदारी के पश्चात् भारतीय स्टेट बैंक अभिकरण द्वारा जारी किये गये प्रमाण पत्र में निर्दिष्ट मूल्य पर सोना चांदी की प्रतिपूर्ति की व्यवस्था करती है। यह स्कीम उन निर्यातों तक ही सीमित होगी जिनके समर्थन में अपरिवर्तनीय साख पत्र, डिलीवरी आधार पर नकद भुगतान या विदेशी मुद्रा में अग्रिम भुगतान किया गया है। सोने जवाहरात के निर्यात की अनुमति संग्रह आधार स्वीकृति मद्दे दस्तावेज पर भी दी जा सकती है। निर्यातक को अग्रिम रूप में भारतीय स्टेट बैंक से सोना/चांदी प्राप्त करने का विल्कप होता है। अपेक्षित दस्तावेज प्रस्तुत करने पर लाइसेंसिंग प्राधिकारी द्वारा उपयुक्त रिलीज आदेश और रत्न प्रतिपूर्ति लाइसेंस जारी किये जा सकते हैं।

मूल्य संयोजन की गणना/सोना तत्व (वेस्टेज सहित) और चांदी तत्व (वेस्टेज रहित) — के संन्दर्भ में उस मूल्य पर की जायेगी जिस पर भारतीय स्टेट बैंक द्वारा सोने और चांदी को बुक किया जाये। सोना और चांदी जवाहरात/वस्तुओं के लिये न्यूनतम मूल्य संयोजन क्रमशः 15% और 25% होगा।

घ. सोने और चांदी जवाहरात और वस्तुओं के लिये अग्रिम लाइसेंस की स्कीम

अध्याय सात में निहित अग्रिम लाइसेंस स्कीम के प्रावधान सोने और चांदी के जवाहरात और उनसे बनी वस्तुओं के निर्यात पर लागू होंगे।

ङ. निर्यात संसाधन क्षेत्रों (ई. पी. जैड.) और निर्यात अभिमुख यूनिट (ई. ओ. यू.) परिसरों से सोने और चांदी के जवाहरात और वस्तुओं के निर्यात की स्कीम

निर्यात अभिमुख यूनिटें निर्यात अभिमुख यूनिटों की स्कीम के सामान्य प्रावधानों द्वारा शासित होती हैं और निर्यात संसाधन वाले क्षेत्रों में स्थापित की गई यूनिटें ई. पी. जेड. स्कीम के समान्य प्रावधानों द्वारा शासित होती है। निम्नलिखित को छोड़कर।

(1) रिजेक्ट्स समेत किसी की भी बिक्री भी अनुमति घरेलू टैरिफ क्षेत्र (डी. टी. ए.) में नहीं मिलेगी और

(2) यदि कोई यूनिट कार्य करना बन्द कर देती है तो सोना और दूसरी कीमती धातु एलाय, रत्न और अन्य सामग्री जो जवाहरात के विनिर्माण के लिये उपलब्ध होगा वाणिज्य मंत्रालय द्वारा नामित किसी एजेंसी को उस एजेंसी द्वारा निर्धारित की गई कीमत पर सौप दिया जायेगा।

ये यूनिट स्वर्ण और अन्य बहुमूल्य धातुओं से विनिर्मित कच्चे माल, अनाय कैरेट, स्वर्ण, रंगीन स्वर्ण, कीमती धातु जिनमें चांदी, प्लाटिनम और पलाडियम, फाइन्डिंग्स, माउन्टिंग्स, साकेट और फ्रेम भी शामिल हैं का आयात कर सकती है। ये यूनिटें हीरें, रंगीन रत्न और पत्थरों अर्ध मूल्यवान पत्थरों, अर्ध मूल्यवान पत्थरों, सिन्थेटिक पत्थरों, मोतियों आदि का भी आयात कर सकती है। उसके अतिरिक्त इन यूनिटों को भारतीय स्टेट बैंक या वाणिज्य मंत्रालय द्वारा नामित किसी अन्य एजेंसी के जरिये 0.995 परिशुद्धता वाले स्वर्ण भी उपलब्ध कराया जा सकता है। 0.995 परिशुद्धता वाले स्वर्ण की आपूर्ति के लिये निर्यात संसाधन क्षेत्र के लिये विकास आयुक्त अथवा निर्यात-अभिमुख यूनिट परिसर के प्रायोजित प्राधिकारी के जरिये आवेदन कर सकती है। इन यूनिटों को निर्यात अभिमुख यूनिट स्कीम और निर्यात संसाधन क्षेत्र स्कीम पर लागू प्रक्रिया के अनुसार पूंजीगत माल, प्रोटोटाईप्स, तकनीकी नमूनों, उपभोज्यों, अतिरिक्त पुर्जों और पैकेजिंग सामग्री के आयात की अनुमति दी जा सकती है तथापि, भारतीय रिजर्व बैंक को छोड़कर 0.995 शुद्धता वाले स्वर्ण के आयात की अनुमति नहीं होगी।

मूल्य संयोजन को उस मूल्य पर संगणित किया जाये जिस मूल्य पर स्वर्ण कन्टेंट (जिसमें वेस्टेज भी शामिल है) चाहे यह 0.995 परिशुद्धता अथवा कोई अन्य शुद्धता वाला स्वर्ण हो का आयात किया गया हो। इसी प्रकार की प्रक्रिया आयातित चांदी (बिना वेस्टेज के) पर भी लागू होगी। सादे और जड़ित स्वर्ण आभूषणों जिनमें वस्तुएं भी शामिल हैं, के निर्यात के लिये न्यूनतम मूल्य संयोजन क्रमशः 10% और 15% होगा। चांदी के सादे/जड़ित आभूषणों और वस्तुओं के लिए न्यूनतम मूल्य संशोधन 25 प्रतिशत होगा। एक निर्यातक को तराशें और पालिश किये गये हीरों, बहुमूल्य और अर्ध मूल्यवान पत्थरों, मोतियों और सिन्थेटिक पत्थरों जिनका उपयोग, स्टेटडिग्स के रूप में किया गया हो, के मूल्य पर 5 प्रतिशत अतिरिक्त मूल्य संयोजन प्राप्त करने की भी आवश्यकता है। माउन्टिंग्स, फाइन्डिंग्स, आदि के लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य का भी मूल्य संयोजन के लिए हिसाब में लिया जाय और उनका आयात और निर्यात नेट के लिये नेट के आधार पर किया जायेगा

कम तराशें और पालिश किये गये हीरों और बहुमूल्य अर्ध मूल्यवान पत्थरों का निर्यात करने वाली यूनिटों के मामले में प्राप्त किये जाने वाले आवश्यक न्यूनतम मूल्य संयोजन को घरेलू टैरिफ क्षेत्र से ऐसे निर्यातों के लिए उपलब्ध इसी अवधि की प्रतिपूर्ति दरों के आधार पर संगणित किया जायेगा। स्वर्ण और चांदी के आभूषणों और वस्तुओं से अलग, अन्य कीमती धातुओं से बने आभूषणों और वस्तुओं का विनिर्माण और निर्यात पूर्वोक्त निर्यात अभिमुख यूनिट परिसरों/निर्यात संसाधन क्षेत्रों द्वारा किया जा सकता है। प्लेटिनम और पैलेडियम आदि के सम्बन्ध में मूल्य संयोजन और अन्य आवश्यकताएं, मुख्य नियंत्रक आयात-निर्यात द्वारा सार्वजनिक सूचना के माध्यम से अधिसूचित की जाएंगी।

अनुमित किये जाने वाले आभूषणों के नमूनों को उपर्युक्त पहचान के बाद पुनः निर्यात करने की अनुमति दी जा सकती है।

स्वर्ण की स्क्रैप डस्ट स्वीपिंग्स निर्यात संसाधन क्षेत्र में स्थित यूनिटों से भारत सरकार टकसाल को भेजने की अनुमति दी जा सकती और स्टैन्डर्ड स्वर्ण की छड़ों के रूप में उस क्षेत्र को सीमाशुल्क प्राधिकारियों द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार वापिस भेजी जा सकती है।

सम्बन्धित निर्यात संसाधन क्षेत्र/निर्यात अभिमुख यूनिट परिसर के विकास आयुक्तों द्वारा इस अध्याय के पैरा 8.5 के अनुसार अपरिष्कृत हीरों के पुनः निर्यात की अनुमति आयातित अपरिष्कृत हीरों के मूल्य के 5 प्रतिशत तक दी जाएगी।

निर्यात अभिमुख यूनिटें/निर्यात संसाधन क्षेत्र की यूनिटें सरकार द्वारा अनुमोदित प्रदर्शनियों में जा ले सकती हैं। देश में लगाई जाने वाली प्रदर्शनियों में बिक्री की अनुमति नहीं होगी। आभूषणों के इन क्षेत्रों/परिसरों से ले जाने और वापस लाने सम्बन्धी कुलाई की प्रक्रिया सीमाशुल्क प्राधिकारियों द्वारा निर्धारित की जायेगी।

आंशिक रूप से संसाधित आभूषणों का निर्यात भी निर्धारित न्यूनतम मूल्य संयोजन की अधिप्राप्ति के अध्यधीन अनुमित होगा।

भारतीय खनिज और धातु व्यापार निगम लि. समय-समय पर संशोधित निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार इस योजना के अन्तर्गत स्थापित स्वीकृत स्वर्ण आभूषण विनिर्माण करने वाली निर्यात यूनिटों को स्वर्ण अनाय, कैरेट स्वर्ण, फाइन्डिंग्स समेत जिनमें 0.999 परिशुद्धता वाला स्वर्ण शामिल नहीं है, स्वर्ण, स्वर्ण मध्यस्थों और संघटकों को भी आपूर्ति करेगा।

च. घरेलू टैरिफ क्षेत्र में स्थित यूनिटों द्वारा प्रतिपूर्ति के अन्तर्गत 18 कैरट से ऊपर के स्वर्ण का सीधे आयात करने हेतु योजना।

सादे स्वर्ण आभूषणों के निर्यात के मद्दे जहां निर्यात आयात निर्युक्त विदेशी मुद्रा में पूर्णतः अधिप्राप्त की जा चुकी हो, सक्षम प्राधिकारी (1) 0.0995 परिशुद्धता वाले, स्वर्ण, और (2) 0.920 परिशुद्धता, वाली फाइण्डिंग्स/माउन्टिंग्स, जो लाइसेंस के मूल्य का 10 प्रतिशत तक होगी जो लाईसेंस के समूचे मूल्य के अन्तर्गत होगी, के सीधे आयात के लिए निर्यात के जहाज पर्यन्त निशुल्क मूल्य के 87 प्रतिशत की दर से अहस्तान्तरणीय प्रतिपूर्ति लाइसेंस जारी कर सकता है।

जड़ित स्वर्ण आभषणों के निर्यात के लिए जहां निर्यात आय विदेशी मुद्रा में पूर्णतः अधिप्राप्त हो चुकी हो, संबंधित प्राधिकारी निम्नलिखित के सीधे आयात के लिये निर्यातों के जहाज पर्यन्त मूल्य के 80 प्रतिशत की दर से अहस्तान्तरणीय प्रतिपूर्ति लाइसेंस जारी कर सकता है:—

(1) 0.995 परिशुद्धता वाला स्वर्ण, जिसकी कीमत निर्यातित स्वर्ण जड़ित आभूषणों में उपयोग में लाए गए शुद्ध स्वर्ण (0.999 परिशुद्धता), की मात्रा, जैसी कि सीमाशुल्क प्राधिकारी द्वारा प्रमाणीकृत की गई हो, को हिसाब में लेकर निर्यात की तारीख को शुद्ध स्वर्ण (0.999 परिशुद्धता) के अन्तर्राष्ट्रीय मूल्य द्वारा गुणा करके, भारतीय स्टेट बैंक की पदनामित शाखाओं द्वारा प्रमाणित किया गया हो, स्टडिंग्स के अवशिष्ट प्रतिपूर्ति मूल्य का 20 प्रतिशत जमा करके निर्धारित की जायेगी।

(2) लाइसेंस के मूल्य के 10 प्रतिशत तक तथा लाइसेंस के समुचे मूल्य के अन्तर्गत 0.920 परिशुद्धता की स्वर्ण फाइन्डिंग्स/माउन्टिंग्स, और

(3) अपरिष्कृत हीरे, अपरिष्कृत रंगीन रत्न, पत्थर और शेष मूल्य के लिए अपेक्षित/बिना सेट किए हुए रीयल अथवा कलचर्ड मोती।

प्रतिपूर्ति लाइसेंस इसके जारी किए जाने की तारीख से 90 दिनों की अवधि के लिये वैध होंगे।

छ. स्वर्ण अग्रदाय लाइसेंस के अन्तर्गत घरेलू टैरिफ क्षेत्र में स्थित यूनिटों द्वारा निर्यात उत्पादन के लिए निर्यात पूर्व आधार पर 18 कैरट से ऊपर के स्वर्ण के आयात की योजना

पूर्ववर्ती तीन लाइसेंसिंग वर्षों के दौरान तीन करोड़ और इससे अधिक के सादे और जड़ित स्वर्ण आभूषणों के औसत निर्यात निष्पादन करने वाला निर्यातक अपने स्वर्ण के नाम में वैध निर्यात डेके के मद्दे स्वर्ण अग्रदाय लाइसेंस का पात्र होगा। यह लाइसेंस उसके सर्वोत्तम तीन वर्षों जमा उस पर 25 प्रतिशत के बराबर मूल्य के लिए जारी किया जा सकता है। उपरी सपूची पात्रता के अन्तर्गत निर्यातक सादे और जड़ित स्वर्ण आभूषणों के निर्यात के लिये अलग से स्वर्ण अग्रदाय लाइसेंस के लिए आवेदन कर सकता है। लाइसेंस में निम्नलिखित शर्तें विहित होंगी:—

(1) नीचे निर्दिष्ट तरीके से निर्यात आभार;

(2) लाइसेंस मूल्य की शर्तों में होगा और यह 0.995 परिशुद्धता वाले स्वर्ण के निर्यात के लिए वैध होगा;

(3) लाइसेंस अहस्तान्तरणीय होगा;

(4) लाइसेंस के मद्दे स्वर्ण का आयात किये जाने के बाद निर्यात किये जाएंगे;

(5) लाइसेंस इसके जारी होने की तारीख से छः माह के लिये वैध होगा।

सादे स्वर्ण आभूषणों के निर्यात के लिए जारी किए गए स्वर्ण अग्रदाय लाइसेंस के लिए 87 प्रतिशत के विपरीत अनुपात में निर्यात आभार होगा अर्थात् यदि स्वर्ण अग्रदाय लाइसेंस 87 अमरीकी डालर के लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य के लिए जारी किया जाता है तो निर्यात आभार 100 अमरीकी डालर होगा। स्वर्ण जड़ित आभूषणों पर निर्यात आभार 80 प्रतिशत के विपरीत अनुपात में निर्धारित किया जाएगा अर्थात् यदि स्वर्ण अग्रदाय लाइसेंस 80 अमरीकी डालर के लागत बीमा-भाड़ा मूल्य के लिए जारी किया जाता है तो निर्यात आभार 100 अमरीकी डालर होगा। निर्यात आभार स्वर्ण की प्रत्येक प्रेषण की निकासी की तारीख से 120 दिनों के भीतर पूरे किए जाएंगे तथा निर्यातक इन निर्यातों पर प्रतिपूर्ति के लाभ का दावा किसी अन्य स्कीम के अन्तर्गत निर्यात आभार की उसके द्वारा तोड़ी गई सीमा तक नहीं करेंगे।

89. अन्य प्रावधान.—

निर्यातक को ऊपर 78 (च) और 78 (छ) में दी गई योजनाओं को छोड़कर निर्यात के जहाज पर्यन्त निःशुल्क मूल्य के 3 प्रतिशत तक एजेन्सी कमीशन का भुगतान करने की अनुमति है। जहां कहीं ऐजन्सी कमीशन का भुगतान किया जाए, वहां ऐजन्सी कमीशन की प्रतिशतता द्वारा न्यूनतम मूल्य संयोजन में तदनुरूप वृद्धि की जाएगी।

90. पैरा 88 (क) से (ङ) तक उल्लिखित योजनाओं के अन्तर्गत निर्यातकों को प्रक्रिया पुस्तक में निहित अनुसार स्वर्ण वेस्टेज अथवा विनिर्माण घाटे की अनुमति होगी।

91. ऐसे मामले में जहां निर्यातक न्यूनतम निर्धारित मूल्य संयोजन प्राप्त करें, वहां सादे स्वर्ण/चांदी के आभूषणों के निर्यात पर पैरा 78 (क) से (च) तक में उल्लिखित योजना के अन्तर्गत रत्न प्रतिपूर्ति लाइसेंस जारी किए जा सकते हैं। ऐसे लाइसेंस का मूल्य न्यूनतम मूल्य संयोजन की अतिरिक्त अधिप्राप्ति के सदर्भ में निर्धारित किया जाएगा। जटित स्वर्ण/चांदी के आभूषणों और वस्तुओं के निर्यातक रत्न प्रतिपूर्ति लाइसेंस के पात्र होंगे जिसे वेस्टेज सहित सोने पर मूल्य संयोजन के लिए गणना के बाद निर्यात की गई मदों में उपयोग में लाई गई स्टडिंग्स के मूल्य को ध्यान में रखकर दिया जाएगा। लाइसेंसिंग के प्रयोजन के लिए स्टडिंग्स को चार वर्गों में बांटा जाएगा नामशः :

(क) हीरे

(ख) बहुमूल्य पत्थर

(ग) अर्द्ध मूल्यवान और सिन्थेटिक पत्थर और

(घ) मोती

प्रतिपूर्ति का पैमाना प्रक्रिया पुस्तक में दिया गया है। ये लाइसेंस बिना अपरिष्कृत हीरों बहुमूल्य पत्थरों, अर्द्ध मूल्यवान पत्थरों, सिन्थेटिक पत्थरों और मोतियों के आयात के लिए वैध होंगे। इसके अतिरिक्त लाइसेंस के मूल्य के 1 प्रतिशत तक वाली आभूषणों के आयात के लिए वैध होगा।

92. बीजक.—

सभी स्कीमों के अन्तर्गत आयात और निर्यात के बीजक अमरीकी डालर में होंगे।

अध्याय—IV

निर्यात अभिमुख यूनिटें और निर्यात संसाधन क्षेत्रों की यूनिटें

पात्रता 93. —

अपने सारे उत्पादन को निर्यात करने का दायित्व लेने वाली यूनिटें निर्यात अभिमुख यूनिट (ई.ओ. यू) या निर्यात संसाधन क्षेत्र (ई.पी.जैड.) स्कीम के अंतर्गत स्थापित की जा सकती हैं। ऐसी यूनिटें साफ्टवेयर, बागवानी, कृषि, जलचर पालन, पशुपालन या इस प्रकार के विनिर्माण या उत्पादन में लगी हो सकती हैं। सेवा कार्यकलापों में लगी यूनिटों पर भी गुणावगुण के आधार पर विचार किया जा सकता है।

94. माल का आयात.—

यूनिट उत्पादन के लिए आवश्यक निम्नलिखित माल बिना शुल्क दिए आयात कर सकती हैं, बशर्ते कि वे आयातों की निषेधात्मक सूची में वर्जित मदें न हों :

(क) कैप्टिव विद्युत संयंत्रों सहित पूंजीगत माल ;

(ख) कच्चा माल, संघटक, मध्यस्थ, अर्द्धतैयार माल, अतिरिक्त पूर्जे भाग तथा उपभोज्य ;

(ग) प्रोटोटाइप्स, कार्यालय उपस्कर और कार्यालय उपस्कर के लिए उपभोज्य; और

(घ) फोर्कलिफ्ट, ओवर हैड क्रेन आदि जैसे माल उठाने-रखने वाले उपकरण ।

95. पुराना पूंजीगत माल :– पुराना पूंजीगत माल का आयात भी अध्याय-पांच दिए गए प्रावधानों के अनुसार किया जा सकता है।

96. पूंजीगत माल का पट्टा करना.—पार्टियों के बीच में हुए पक्के ठेके के आधार पर कोई निर्यात अभिमुख यूनिट/निर्यात संसाधन क्षेत्र की यूनिट परेलू पट्टे वाली कम्पनी से पूंजीगत माल उठ सकती है। ऐसे मामले में, परेलू पट्टे वाली कम्पनी शुल्क मुक्त पूंजीगत माल आयात करने की पात्र होगी तथा निर्यात अभिमुख यूनिट/निर्यात संसधान क्षेत्र की यूनिटों को इसकी आपूर्ति ऐसी शर्तों पर करेगी जो दोनों पार्टियों में आपसी सहमति निर्धारित की जाए। तथापि, जब तक कि यूनिट द्वारा निर्यात आभार पूरा नहीं किया जाता है, तब तक पूंजीगत माल निर्यात अभिमुख यूनिट/निर्यात संसाधन क्षेत्रों की यूनिटों की पूंजीगत परिसम्पत्ति के एक भाग के रूप में बना रहेगा और उन्हें किसी अन्य उपयोग में नहीं लाया जाएगा।

97. मूल्य संयोजन.—यूनिट कम से कम 20 प्रतिशत का मूल्य वर्धन प्राप्त करेगी किन्तु परिशिष्ट-दो में विनिर्दिष्ट उद्योगों में लगी हुई यूनिटें उसमें निर्दिष्ट मूल्य वर्धन मानदण्डों को पूरा करेगी।

98. विधिक वचन बद्धता .—यूनिट संबंधित विकास आयुक्त को एक बन्धपत्र/विधिक वचन बद्धता प्रस्तुत करेगी और अनुमोदन/आशय-पत्र में निर्धारित आभारों को पूरा न करने पर विफलता के मामले में वह उस बंध पत्र/विधिक वचनबद्धता या कुछ समय के लिए लागू किसी अन्य कानून के अधीन दण्ड की भागी होगी ।

99. मुद्रा सन्तुलन :—यदि भुगतान क्षेत्र (आर०पी०ए०) को निर्यात के लिए सामान्य मुद्रा क्षेत्र (जी०सी०ए०) से आयात वाले किसी प्रस्ताव पर विचार किया जा सकता है बशर्ते कि विदेशी मुद्रा का बहिर्गमन एवं अंतर्वाह संतुलित हो। यह पहले ही दिए गए अनुमोदनों में सुधार या परिवर्तन के प्रस्तावों पर भी लागू होगा।

100. स्वत अनुमोदन:—परियोजना आवेदन पत्रों पर जो उद्योग मंत्रालय के प्रैस नोट संख्या 3(1991 सिरिज) के पैरा 3 में निर्दिष्ट शर्तों को पूरा करते हैं, संबंधित निर्यात संसाधन क्षेत्र के विकास आयुक्त द्वारा 15 दिन के अन्दर-अन्दर स्वत: अनुमोदन किया जा सकता है। निर्यात अभिमुख यूनिटों के मामले में ऐसा अनुमोदन औद्योगिक अनुमोदन सचिवालय (एस. आई. ए) द्वारा दिया जाएगा।

101. अन्य मामले:—अन्य मामलों में अनुमोदन इस प्रयोजन के लिए गठित किए गए बोर्डों द्वारा दिया जा सकता है।

102. डी. टी. ए. बिक्री (घरेलू टैरिफ क्षेत्र में बिक्री).—निर्यात अभिमुख यूनिटों/निर्यात संसधान क्षेत्र की यूनिटों का सकल उत्पादन निम्नलिखित को छोड़कर निर्यात किया जाएगा:—

(क) 5 प्रतिशत तक रिजेक्ट्स अथवा अनुमोदन बोर्ड द्वारा यथानिर्धारित प्रतिशत तक रिजेक्ट्स को घरेलू क्षेत्र में बेचा जा सकता है बशर्ते कि उपयुक्त करों का भुगतान कर दिया गया हो।

(ख) मूल्य के अनुसार देशी आयात 30 प्रतिशत से अधिक होने पर इसके अंतर्गत उत्पादन का 25 प्रतिशत घरेलू टैरिफ क्षेत्र में बेचा जा सकता है। जब ऐसे निवेश 30 प्रतिशत से कम हो तो डी. टी.ए. बिक्री, मूल्य के अनुसार 15 प्रतिशत से अधिक नहीं की जा सकेगी। डी. टी.ए. बिक्री न्यूनतम मूल्य वर्धन तथा निर्यात आभार की पूर्ति के अधीन होंगे। आभूषणों, हीरों, बहुमूल्य और अर्ध बहुमूल्य पत्थरों/रत्नों, मोटर कारों, रिकार्डिड विडियो तथा आडियो कैसेट एवं सिल्वर बुलियन के संबंध में डी. टी. ए. में बिक्री की अनुमति नहीं होगी।

103. निर्यात आभार.—निर्यात आभार पूरा करने में निम्नलिखित आपूर्तियों को हिसाब में लिया जाएगा:—

(क) विश्व टैंडर शर्तों के अधीन घरेलू टैरिफ क्षेत्र में की गई आपूर्ति ;

(ख) विदेशी मुद्रा में भुगतान के मुद्दे घरेलू टैरिफ क्षेत्र में की गई आपूर्ति ;

(ग) अग्रिम लाइसेंसों तथा आयात लाइसेंसों के मुद्दे आपूर्ति ;

(घ) विकास आयुक्त की अनुमति से अन्य निर्यात अभिमुख यूनिटों/निर्यात संसाधन क्षेत्र की यूनिटों के लिए आपूर्ति।

104. निर्यात सदन/व्यापार सदन/स्टार व्यापार सदन के जरिये निर्यात.— कोई निर्यात अभिमुख यूनिट/निर्यात संसधान क्षेत्र की यूनिट अपने विनिर्मित माल का निर्यात इस नीति के अन्तर्गत मान्यता प्राप्त किसी निर्यात सदन/व्यापार सदन/स्टार व्यातार सदन के जरिए कर सकती है। यह अनुमति केवल निर्यात सदन/व्यापार सदन/स्टार व्यापार सदन द्वारा माल के विपणन तक ही सीमित है। माल का विनिर्माण निर्यात अभिमुख यूनिट/निर्यात संसाधन क्षेत्र की यूनिटों में किया जाएगा मूल्य वर्धन तथा निर्यात आभार और साथ ही आयात एवं निर्यात संबंधी कोई अन्य आभार निर्यात उन्मुख यूनिट/निर्यात संसाधन क्षेत्र की यूनिट द्वारा पूरे किए जाते रहेंगे।

105. विकास आयुक्त निम्नलिखित की भी अनुमति दे सकता है:—

(क) निर्यात अभिमुख यूनिटों/निर्यात संसाधन क्षेत्र की यूनिटों द्वारा उत्पादित माल के समुचित मात्रा में, नमूनों की आपूर्ति या बिक्री जो लगाए जाने वाले शुल्क का भुगतान करने पर प्रदर्शनी या प्रचार आदेशों के लिए हो। ऐसे माल को लौटाने का समुचित आश्वासन देने पर ऐसे नमूनों को यूनिटों से हटाने की अनुमति दी जा सकती है।

(ख) डी. टी. ए. में बिक्री किए गए परन्तु त्रुटिपूर्ण पाए गए माल को मरम्मत विस्थापन हेतु वापिस लाना। ऐसा माल यूनिट से हटाया जा सकता है बशर्ते कि माल की पहचान हेतु सीमा शुल्क प्राधिकारी संतुष्ट हों।

(ग) मरम्मत/परीक्षण अथवा व्याससमापन हेतु डी.टी.ए. के माल का स्थानांतरण बशर्ते कि निर्यात अभिमुख यूनिट के मामले में इसकी f सीमा-शुल्क प्राधिकारियों द्वारा दी जाए।

106. डी.टी.ए. से आपूर्ति के लाभ .— घरेलू टैरिफ क्षेत्र से निर्यात अभिमुख यूनिटों /निर्यात संसाधन क्षेत्र की यूनिटों को आपूर्ति अभिग्रहीत निर्यात समझी जाएगी और निम्नलिखित लाभों की पात्र होंगी:—

(क) सीमाकर उत्पाद शुल्क, केन्द्रीय बिक्री कर तथा सीमाशुल्क ड्राबैक की वापसी ।

(ख) इस पैराग्राफ के अधीन की गई आपूर्ति वाले पंजीगत माल, संघटकों तथा कच्चे माल पर केन्द्रीय उत्पाद शुल्क के भुगतान से छूट।

(ग) संभरक पर निर्यात आभार यदि कोई हो, का निष्पादन ।

107. शर्तें.—पैराग्राफ 106 के अन्तर्गत बताएं गए लाभ उपलब्ध होंगे बशर्ते कि आपूर्ति किया गया माल देश में निर्मित किया गया हो और आपूर्ति विकास आयुक्त द्वारा जारी किए गए प्राधिकार पत्र के मद्दे की गई हो।

108. निर्यात संसाधन क्षेत्र/निर्यात अभिमुख यूनिटों के लिये लाभ :—रियायती किराया

निर्यात संसाधन क्षेत्र में स्थापित यूनिटें तीन वर्षों के लिए आबंटित औद्योगिक प्लाट तथा मानक डिजाइन फैक्टरी (एस.डी.एफ.) भवन/शैड के पट्टे के लिए प्रथम निम्नलिखित दरों पर रियायती किराए के लिए पात्र होंगी:—

प्लाटों के लिए —यदि पहले अथवा दूसरे वर्ष में उत्पादन प्रारम्भ हो गया हो तो यह रियायत पहले वर्ष के लिए 75 प्रतिशत दूसरे वर्ष के लिए 50 प्रतिशत तथा तीसरे वर्ष के लिए 25 प्रतिशत होगी। यदि उत्पादन दूसरे वर्ष के अन्त तक प्रारम्भ नहीं हुआ हो तो तीसरे वर्ष के लिए रियायत नहीं दी जाएगी।

मानक डिजाइन फैक्टरी भवन/शैड के लिये : यदि उत्पादन पहले वर्ष में प्रारम्भ हो गया हो तो पहले वर्ष के के लिए रियायत 50 प्रतिशत तथा दूसरे वर्ष के लिए 40 प्रतिशत होगी । यदि उत्पादन पहले वर्ष में प्रारम्भ हो गया हो तो तीसरे वर्ष के लिए 25 प्रतिशत मिलेगी वह रियायत उपलब्ध नहीं होगी यदि पहले ही वर्ष के अन्त तक उत्पादन प्रारम्भ हुआ न हो ।

कर छूट : निर्यात अभिमुख यूनिटों और निर्यात संसाधन क्षेत्र की यूनिटों को कार्य प्रारम्भ करने के प्रथम 8 वर्षों में 5 वर्षों के ब्लाक के दौरान निगमित कर के भुगतान से छूट होगी ।

आई पी आर एस निर्यात : अभिमुख यूनिटों और निर्यात संसाधन क्षेत्र की यूनिटों को लौहा एवं इस्पात का संभरण करने के लिए अन्तर्राष्ट्रीय मूल्य प्रतिपूर्ति स्कीम उपलब्ध होगी।

शत-प्रतिशत विदेशी इक्विटी:—निर्यात अभिमुख यूनिटों और निर्यात संसाधन क्षेत्र की यूनिटों के मामले में शत-प्रतिशत तक की विदेशी इक्विटी अनुमेय है।

109. अन्त: यूनिट स्थानान्तरण :—

विकास आयुक्त एक निर्यात संसाधन क्षेत्र यूनिट से दूसरी निर्यात संसाधन क्षेत्र यूनिट, एक निर्यात संसाधन क्षेत्र से एक निर्यात अभिमुख यूनिट, निर्यात अभिमुख यूनिट से एक निर्यात संसाधन यूनिट या निर्यात अभिमुख यूनिट से दूसरी निर्यात अभिमुख यूनिट को विनिर्मित माल के स्थानान्तरण की अनुमति दे सकता है।

110. निर्यात अभिमुख यूनिट/निर्यात संसाधन क्षेत्र की यूनिटों द्वारा आयातित माल को विकास आयुक्त की अनुमति से अन्य निर्यात अभिमुख यूनिट /निर्यात संसाधन क्षेत्र की यूनिट को उधार पर दिया जा सकता है अथवा स्थानान्तरित किया जा सकता है।

111. उप संविदा करना :— निर्यात अभिमुख यूनिट/निर्यात संसाधन यूनिटों को अपने उत्पादन के भाग को घरेलू टैरिफ क्षेत्र की यूनिटों को फुटकर काम के लिए उप संविदा करने की अनुमति प्रत्येक मामले के आधार पर दी जा सकती है। इस मामले में प्राप्त अनुरोध पर संबद्ध सीमाशुल्क प्राधिकारियों द्वारा कतिपय कारकों के आधार पर विचार किया जा सकता है जैसे कि बाण्ड भरने का औचित्य, निवेश एवं उत्पादन मानदण्डों का निर्धारण तथा संबद्ध यूनिटों द्वारा वचन/बन्धपत्र प्रस्तुत करना।

112. आयातित माल की बिक्री :— यदि कोई निर्यात अभिमुख यूनिट/निर्यात संसाधन क्षेत्र की यूनिट वैध कारणों से आयातित माल का उपयोग करने में असमर्थ रहती है, तो वह विकास आयुक्त की अनुमति से पुन: निर्यात कर सकती है, बशर्ते कि मूल्यांकन आदि के संदर्भ में सीमाशुल्क प्राधिकारियों ने अनुमति दे दी है। ये शुल्कों की अदायगी पर विकास आयुक्त की अनुमति से घरेलू टैरिफ क्षेत्र के किसी वास्तविक उपयोक्ता को भी ऐसे माल का स्थानान्तरण किया जा सकता है।

113. आयातित मशीनरी/पूंजीगत माल जो पुराना हो गया हो, को उसके घटे हुए मूल्य पर सीमाशुल्क का भुगतान करने के अध्यधीन निपटाया जा सकता है ।

114. रद्दी माल का निपटान :— इसके लिए अनुमोदन बोर्ड द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अध्यधीन विकास आयुक्त लागू शुल्कों और करों का भुगतान करने पर उत्पादन प्रक्रिया से उत्पन्न रद्दी/उपशिष्ट उत्पाद/अवशेष की बिक्री घरेलू टैरिफ क्षेत्र में करने की अनुमति दे सकता है। परिशिष्ट दो में विनिर्दिष्ट मानदण्डों को ध्यान में रखते हुए बोर्ड द्वारा ऐसी रद्दी/अपशिष्ट उत्पाद/अवशेष का प्रतिशत निर्धारित किया जाएगा ।

115. निजी बंधित माल गोदाम :— निम्नलिखित शर्तों के अध्यधीन निर्यात अभिमुख यूनिटों तथा निर्यात संसाधन क्षेत्र की यूनिटों के लिए शुल्क मुक्त कच्चे माल, संघटक आदि के स्टाक एवं बिक्री के लिए निर्यात संसाधन क्षेत्रों के भीतर बिक्री के लिए निर्यात संसाधन क्षेत्रों के भीतर निजी माल गोदाम स्थापित करने की अनुमति दी जा सकती है :—

(क) निजी बंधित माल गोदाम निर्यात संसाधन क्षेत्र के अन्दर स्थित होंगे ;

(ख) ऐसे निजी बंधित माल गोदाम के लिए आयातों की अनुमति विशिष्ट लाइसेंसों के मद्दे दी जाएगी ; ऐसी मदों के आयात के लिए कोई अनुमति नहीं दी जाएगी जो उपभोक्ता यूनिटों द्वारा अपेक्षित न हों ; और

(ग) निजी माल गोदाम द्वारा आयातित मदों को घरेलू टैरिफ क्षेत्र में बिक्री की अनुमति नहीं दी जाएगी ।

116. बन्धपत्र की लागू अवधि :— निर्यात अभिमुख स्कीम के अन्तर्गत यूनिटों के लिए बंधपत्र की लागू अवधि 10 वर्ष होगी । तीव्र प्रौद्योगिकी परिवर्तन करने वाले उत्पादों के मामले में यह अवधि अनुमोदन बोर्ड (बी. ओ. ए.) द्वारा घटाकर 5 वर्ष की जा सकती है । बन्धपत्र की लागू अवधि पूरी होने पर यह यूनिट की इच्छा पर निर्भर होगा कि वह, इसे जारी रखे या स्कीम में कोई विकल्प ढूंढे । तथापि, बन्धपत्र से इस प्रकार की मुक्ति विकल्प देते समय लागू औद्योगिक नीति के अध्यधीन दी जाएगी ।

117. बन्धपत्र से विमुक्ति :— निर्यात अभिमुख यूनिट/निर्यात संसाधन क्षेत्र की यूनिटों को निर्यात आभार, मूल्यवर्धन या अन्य अपेक्षाओं की पूर्ति में असमर्थ होने पर अनुमोदन बोर्ड की संतुष्टि पर बाण्ड रहित किया जा सकता है । इस प्रकार बन्धपत्र से वंचित करने में ऐसे दण्ड दिए जाएंगें जिन्हे निम्नलिखित करों के आधार पर लगाया जा सकता है :—

(क) घटे हुए मूल्य पर लेकिन आयात के लिए समय प्रचलित दरों पर पूंजीगत माल पर सीमा शुल्क ;

(ख) आयात के समय मूल्य पर तथा निकासी के समय चालू दरों पर अप्रयुक्त कच्चे माल और संघटकों पर सीमाशुल्क ।

118. परिवर्तन :— मौजूदा डी. टी. ए. यूनिटें किसी निर्यात अभिमुख यूनिट में परिवर्तन के लिए आवेदन कर सकती है लेकिन पहले से प्रतिष्ठापित संयंत्र, मशीनरी और उपस्कर के लिए योजना के अन्तर्गत शुल्कों और करों में कोई छूट नहीं दी जाएगी ।

119. इस अध्याय के लिए "मूल्य संयोजन" प्रतिशतता के रूप में व्यक्त किया जाएगा और निम्नलिखित सूत्र के अनुसार संगणित किया जाएगा :—

$$\text{वी. ए.} \quad \frac{\text{ए–बी}}{\text{ए}} \times 100,$$

जहां वी.ए. = मूल्य संयोजन है

ए = निर्यात अभिमुख यूनिट/निर्यात संसाधन क्षेत्र की यूनिट द्वारा रिलीज किया गया जहाज पर्यन्त निःशुल्क मूल्य है, और

बी. = सभी आयातित निवेशों के लागत बीमा भाड़ा मूल्य का कुल योग, कमीशन, रायल्टी, फीस या किसी अन्य अधिकार के माध्यम के विदेशी मुद्रा में किए गए सभी भुगतानों का मूल्य और निर्यात अभिमुख यूनिट/निर्यात संसाधन क्षेत्र यूनिट द्वारा खरीदे गए सभी देशीय निवेशों का मूल्य है । निवेशों का अर्थ है—कच्चा माल, मध्यवर्ती, संघटक, कम्प्यूमेबिल्स पार्टस और पैकिंग सामग्री ।

अध्याय दस

अभिग्रहीत निर्यात

120. परिभाषा :— "अभिग्रहीत निर्यात" का अर्थ उस लेन देन से है जिसमें संभरित किया गया माल देश से बाहर नहीं जाता है और संभरक द्वारा माल के लिए भुगतान भारतीय रुपयों में प्राप्त किन्तु संभरण से देश के लिए विदेशी मुद्रा की आय अथवा बचत होती है ।

121. संभरण की श्रेणियां :— इस नीति के तहत निम्नलिखित श्रेणियों के माल का संभरण "अभिग्रहीत निर्यात" के रूप में माना जाएगा बशर्ते कि माल भारत में विनिर्मित है और भुगतान भारतीय रुपयों में प्राप्त हुआ है :

(क) शुल्क मुक्त स्कीम के तहत जारी "शुल्क मुक्त लाइसेंसों" के मद्दे माल का संभरण ।

(ख) विदेशी समुद्री जहाजों और विदेशी हवाई सेवाओं को भारत में माल का संभरण ।

(ग) निर्यात संसाधन क्षेत्रों (ई. पी. जैड.) या निर्यात अभिमुख यूनिटों (ई. ओ. यू.) में स्थित यूनिटों को माल का संभरण ।

(घ) निर्यात संवर्धन पूंजीगत माल स्कीम (ई. पी. सी. जी.) के तहत लाइसेंस धारकों को पूंजीगत माल का संभरण ।

(ङ) तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग (ओ. एन. जी. सी.) आयल इंडिया लि. (ओ. आई. एल.) और भारतीय गैस प्राधिकरण लिमिटेड (जी. ए. आई. एल.) को उनके अपतटीय और तटीय अनुसंधान, ड्रीलिंग और उत्पादन प्रक्रियाओं के लिए पूंजीगत माल, संघटकों, पुर्जों, कच्चे माल, उपभोज्यों, उपकरणों, उपसाधित्रों, औजारों और अतिरिक्त पुर्जों का संभरण ।

(च) निम्नलिखित बहुपक्षीय या द्विपक्षीय अभिकरणों/निधियों या अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगी बोली के तहत या उन अभिकरणों/निधियों की प्रक्रियाओं के अनुसार सीमित निविदा पद्धति के तहत केन्द्र सरकार द्वारा अधिसूचित किसी अन्य अभिकरण/निधि द्वारा वित्त पोषित परियोजनाओं को माल का संभरण :—

(1) अरब आर्थिक विकास के लिए आबूधाबी फण्ड ।

(2) एशियाई विकास बैंक (ए. डी. बी.)

(3) अन्तर्राष्ट्रीय पुनः निर्माण और विकास बैंक (विश्व बैंक)

(4) कृषि विकास अन्तर्राष्ट्रीय निधि ।

(5) के. एफ. डब्ल्यू. ।

(6) अरब आर्थिक विकास के लिए कुवैती निधि ।

(7) पेट्रोल निर्यातक देश संघ निधि (ओपेक)

(8) सऊदी विकास निधि (एस. एफ. डी.)

(9) संयुक्त राज्य अन्तर्राष्ट्रीय विकास अभिकरण (यू. एस. ए. आई. डी.) ।

(10) विदेश आर्थिक सहयोग निधि के माध्यम से मार्गांकित मेम क्रेडिट (ओ. ई. सी. एफ.) ।

(छ) उर्वरक संयंत्रों को भारतीय मुख्य ठेकेदारों द्वारा पूंजीगत माल का संभरण, यदि संभरण अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगी बोली की प्रक्रिया के अधीन किया गया हो ।

122. अभिग्रहीत निर्यात के लिए लाभ :— अभिग्रहीत निर्यात के रूप में पात्रता करने वाले माल के विनिर्माण और आपूर्ति के संदर्भ में अभिग्रहीत निर्यात पर निम्नलिखित लाभ दिए जायेंगे :—

(1) अध्याय सात के अधीन शुल्क मुक्त स्कीम ।

(2) शुल्क वापसी स्कीम ।

(3) टर्मिनल उत्पाद शुल्क की वापसी ।

(4) आयात की निषेधात्मक सूची में शामिल ऐसी मदों के आयात के लिए ऐसे मूल्य या अभिग्रहीत निर्यात के मूल्य के ऐसे अनुपात के लिए इस संबंध में अधिसूचित की जाने वाली स्कीम के अनुसार विशेष आयात लाइसेंस ।

अध्याय-ग्यारह

निर्यात

123. मुक्त निर्यात—सभी निर्यात बिना किसी प्रतिबन्ध के होंगे लेकिन यह वहीं तक सीमित रहेगा जहां तक कि वे निर्यात की निषेधात्मक सूची या इस नीति के प्रावधानों द्वारा या कुछ समय के लिए लागू किसी अन्य कानून द्वारा विनियमित होते हों ।

124. पंजीकरण सह-सदस्यता प्रमाण-पत्र (आर.सी.एम.सी.)—; कोई भी व्यक्ति जो, आयात या निर्यात लाइसेंस के लिए अथवा इस नीति के अन्तर्गत लाभ या माफी के लिए आवेदन करता है उसे निर्यात संवर्धन परिषद् (ई.पी.सी.) जिसका वह सदस्य है, से पंजीकरण-सह-सदस्यता प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा ।

125. परियोजना निर्यात:—विशिष्ट रूप से विनियमित न की गई मदों का निर्यात विदेश में परियोजनाओं के लिए किया जा सकता है। निर्यात की निषेधात्मक सूची में सम्मिलित मदों के निर्यात की अनुमति सक्षम प्राधिकारी द्वारा दी जा सकती है।

126. संविदाओं को अनामांकित करना:—सभी निर्यात संविदाएं मुक्त परिवर्तनीय मुद्रा में अनामांकित की जा सकेंगी। उन संविदाओं के मामले में जिनका भुगतान एसियन क्लीयरिंग यूनियन (ए.सी.यू.) के माध्यम से प्राप्त हुआ है तो उसे आयातक अथवा निर्यातक देश में अथवा मुक्त परिवर्तनीय मुद्रा में अनामांकित किया जा सकता है। तथा इस प्रकार प्राप्त हुए सारे भुगतान को परिवर्तनीय मुद्रा में प्राप्त हुआ माना जाएगा।

127. रुपया भुगतान क्षेत्र के देशों के साथ निर्यात संविदायें:—रुपये भुगतान वाले देशों/पूर्ववर्ती रुपये भुगतान वाले देशों के लिए निर्यातों की अनुमति इन देशों के साथ हस्ताक्षरित व्यापार करार/नयाचार की शर्तों के अन्तर्गत दी जा सकती है। तथापि, गैर-परिवर्तनीय भारतीय रुपयों में भुगतानों के मद्दे ऐसे देशों के लिए निर्यात को ऐसे प्राधिकारी के पास पंजीकरण होना अपेक्षित है जो इस आशय के लिए विनिर्दिष्ट किया गया हो।

128. पुन: निर्यात:—इस नीति के अधीन सामान्य मुद्रा क्षेत्र (जी.सी.ए.) में स्थित किसी देश आयातित माल को उसी अथवा कुछ बदली हुई स्थिति में रुपया भुगतान क्षेत्र के किसी देश को बिना लाइसेंस के निर्यात नहीं किया जा सकेगा।

129. निजी असबाब का निर्यात:—बाहर जाने वाले भारतीय यात्रियों के वास्तविक निजी असबाब को या तो यात्रियों के के साथ ही या यदि साथ न ले जाना हो तो भारत से यात्री के प्रस्थान के पहले या बाद में एक वर्ष के अन्दर ले जाने की अनुमति है। निर्यात की निषेधात्मक सूची में सम्मिलित मदों के लिये प्रति व्यक्ति 100 किलोग्राम की सीलिंग तक की खाद्य मदों को छोड़कर सक्षम प्राधिकरी से एक लाइसेंस लेना जरूरी होगा।

130. जहाज भण्डागार.—निषेधात्मक सूची में आने वाली मदों को छोड़कर सभी मदों को नौ परिवहन पोतों के कर्मीदल तथा यात्री जहाज भण्डार के तौर पर बिना लाइसेंस के ले आ सकते हैं। निर्यात की निषेधात्मक सूची में सम्मिलित मदों के लिये प्रतिबंधित मदों को छोड़कर भारत सरकार के जल भूतल परिवहन मंत्रालय द्वारा अधिसूचित मदों के लिये लाइसेंस लेना जरूरी नहीं है।

131. उपहारों का निर्यात:—3,000/- रुपये से अधिक मूल्य के किसी भी माल का निर्यात उपहार स्वरूप नहीं किया जा सकता। केवल 3,000/- रुपये तक मूल्य की खाद्य सामग्री को छोड़कर निर्यात निषेधात्मक सूची में मदों को उपहार के तौर पर बिना लाइसेंस के निर्यात नहीं किया जा सकता।

132. देशीय अतिरिक्त पुर्जों का निर्यात:—उपस्कर मशीनरी, आटोमोबाइल के वारण्टी अतिरिक्त पुर्जों और अन्य मदों का निर्यात मुख्य उपस्कर के साथ ही साथ या बाद में अपनी वारण्टी/निष्पादन गारण्टी के दौरान विगत लाइसेंसिंग अवधि के निर्यातों के कुल जहाज पर्यन्त निशुल्क मूल्य 2% तक दिया जा सकता है। इस प्रकार के निर्यातों की घोषणा निर्यातक के बीजक पोत परिवहन बिल और जी आर फार्म में सीमाशुल्क प्राधिकारियों से अवश्य की जानी चाहिये। जहाज पर्यन्त निशुल्क मूल्य के 2% से अधिक मूल्य के अतिरिक्त पुर्जों को गुण दोष के आधार पर निर्यात लाइसेंसिंग समिति (ई.एल.सी.) द्वारा अनुमित किया जायेगा।

133. पारगमन सुविधा:—भारत के समीपवर्ती देशों, जिनका अपना स्वयं का कोई समुद्री स्थल न हो, के साथ स्थल से माल भेजने की अनुमति है बशर्ते कि पारगमन ट्रैफिक को विनियमित करने की प्रक्रिया के अनुसार वे माल उस देश में ही खपत के लिये हों।

134. अन्तर्वर्ती प्रबन्ध :—यदि अन्यथा रूप में मुख्य नियंत्रक आयात निर्यात द्वारा निर्दिष्ट नहीं किया गया है, इस नीति का कोई संशोधन इसमें व्यवधान उत्पन्न करता है या संशोधन से पूर्व पूर्ण भुगतान अग्रिम प्राप्त होने की स्थिति में अपराक्राम्य साख-पत्र द्वारा समर्थित होने पर यदि निर्यात का किसी अनुबन्ध इस प्रकार तैयार करना चाहिए जैसे कि यह संशोधन उसके मामले में लागू नहीं होता है।

अध्याय बारह

निर्यात सदन, व्यापार सदन और स्टार व्यापार सदन

135. परिभाषा:—31 मार्च, 1992 तक समय-समय पर निर्धारित किये गये मानदण्ड के अन्तर्गत व्यापारी और विनिर्माता निर्यातकों और व्यापारिक कम्पनियों इनमें विदेशी इक्विटी रखने वाली सहित निर्यात अभिमुख यूनिटों (ई.ओ.यू.) और निर्यात संसाधन क्षेत्रों (ई.पी. जैड.) में स्थित यूनिटों को निर्यात सदन, व्यापार सदन या स्टार व्यापार सदन के रूप में मान्यता दी गई है। सभी निर्यात सदन, व्यापार सदन और स्टार व्यापार सदन उनको स्वीकृत समय के लिये उस स्थिति को बनाये रखेंगे।

136. नवीनीकरण के लिये मानदण्ड—तथापि, जब कोई निर्यात सदन, व्यापार सदन या स्टार व्यापार सदन पूर्वोक्त समयावधि की समाप्ति पर निर्यात सदन, व्यापार सदन या स्टार व्यापार सदन, जैसा भी मामला हो, के रूप में मिली मान्यता के नवीनीकरण के लिये आवेदन करता है तो ऐसी मान्यता निर्धारित मानदण्ड के अन्तर्गत दी जायेगी ।

137. मान्यता के लिये मानदण्ड—निर्यात सदन, व्यापार सदन या स्टार व्यापार सदन के रूप में मान्यता के लिये 1 अप्रैल, 1992 से गत तीन लाइसेंसिंग वर्षों में अर्जित निवल विदेशी मुद्रा अथवा गत वर्ष में अर्जित निवल विदेशी मुद्रा, जो भी पूरा करता हो, निम्नानुसार मानदण्ड होगा :—

वर्ग	आधारभूत अवधि अर्थात् गत तीन लाइसेंसिंग वर्षों के दौरान अर्जित निवल विदेशी मुद्रा का वार्षिक औसत रुपयों में	आधारभूत अवधि अर्थात् गत लाइसेंसिंग वर्ष में कमाई गई निवल विदेशी मुद्रा (एन.एफ.ई.) रुपयों में ।
निर्यात सदन	6 करोड़	12 करोड़
व्यापार सदन	30 करोड़	60 करोड़
स्टार व्यापार सदन	125 करोड़	150 करोड़

138. निवल विदेशी मुद्रा की गणना—इस मानदण्ड के उद्देश्य के लिए विदेशी निवल मुद्रा (एन.एफ.ई.) की गणना निर्यातक द्वारा किए गए निर्यातों के जहाज पर्यन्त निःशुल्क मूल्य को शामिल करके और उसमें से निम्नलिखित को घटाकर की जाएगी :—

(क) उसके द्वारा आयातित सम्पूर्ण माल (पूंजीगत माल से भिन्न) का लागत बीमा भाड़ा मूल्य, किसी सहयोगी या समर्थित विनिर्माता में नाम में या उसके माध्यम से आयातित (पूंजीगत माल से भिन्न) संपूर्ण माल का लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य , और

(ग) निर्यात द्वारा कमीशन, रायल्टी शुल्क अथवा किसी अन्य प्रभार के रूप में मुद्रा के रूप में किया गया भुगतान ।

139. अगर कोई निर्यातक उपर्युक्त पैरा 137 के अन्तर्गत निर्यात सदन, व्यापार सदन या स्टार व्यापार सदन के रूप में मान्यता प्राप्त करने के लिए 1 अप्रैल, 1992 को या इसके बाद आवेदन करता है तो 1989-90, 1990-91 और 1991-92 के वर्षों के दौरान अर्जित निवल विदेशी मुद्रा की गणना उपर्युक्त पैरा 138 के अनुसार की जाएगी ।

140. लघु उद्योगों (एस.एस.आई.)/हस्तशिल्प क्षेत्रों को अतिरिक्त लाभ पैकेज और अवधि :— लघु उद्योगों और हस्तशिल्प क्षेत्रों द्वारा विनिर्मित उत्पादों के निर्यात से अर्जित निवल विदेशी मुद्रा का क्रमशः द्विगुना और तीन गुना अतिरिक्त लाभ दिया जाएगा । हस्तशिल्प उत्पादों में रेशम उत्पाद भी शामिल होंगे ।

141. निर्यात सदन/व्यापार सदन/स्टार व्यापार सदन प्रमाण-पत्र, जब तक अन्यथा उल्लिखित न हो, लाइसेंसिंग वर्ष के 31 मार्च को समाप्त होने वाले तीन वर्षों की अवधि के लिए वैध होंगे । पहले प्रमाणपत्र की अवधि समाप्त होने पर ऐसे सदनों को आवेदन करने और नवीन प्रमाण-पत्र प्राप्त करने के लिए छः माह की रियायती अवधि अनुमत होगी ।

142. लाभ: इस संबंध में अधिसूचित की जाने वाली एक स्कीम के अनुसार निर्यात सदन/व्यापार सदन/स्टार व्यापार सदन आयातों की निषेधात्मक सूची में शामिल ऐसी मदों के आयात के लिए पूर्ववर्ती लाइसेंसिंग वर्ष में अर्जित किए गए ऐसे मूल्य या कुल विदेशी मुद्रा मूल्य से ऐसा अनुपात रखने वाले मूल्य के विशेष आयात लाइसेंसों को प्राप्त करने के हकदार होंगे ।

अध्याय—तेरह

निर्यात संवर्धन परिषदें

143. निर्यात संवर्धन परिषदें—इस समय 19 निर्यात संवर्धन परिषदें हैं जिनका मूल उद्देश्य देश के निर्यात का संवर्धन एवं विकास करना है । प्रत्येक परिषद् किसी एक विशिष्ट उत्पादों के समूह, परियोजनाओं तथा सेवाओं के संवर्धन के लिए उत्तरदायी है । निर्यात संवर्धन परिषदें नीचे दी गई हैं :—

(1) इंजीनियरी निर्यात संवर्धन परिषद्, कलकत्ता ।

(2) ओवरसीज कन्सट्रक्शन कौंसिल ऑफ इंडिया, बम्बई ।

(3) इलैक्ट्रॉनिक्स एवं कम्प्यूटर साफ्टवेयर निर्यात संवर्धन परिषद्, नई दिल्ली ।

(4) प्लास्टिक एवं लिनौलियम निर्यात संवर्धन परिषद्, बम्बई ।

(5) मूल रसायन, भेषज तथा प्रसाधन सामग्री निर्यात संवर्धन परिषद्, बम्बई ।

(6) रसायन एवं सम्बद्ध उत्पाद निर्यात संवर्धन परिषद्, कलकत्ता ।

(7) रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद्, बम्बई ।

(8) चमड़ा निर्यात परिषद्, मद्रास ।

(9) खेल कूद सामग्री निर्यात संसर्धन परिषद्, नई दिल्ली ।

(10) काजू निर्यात संवर्धन परिषद्, कोचीन ।

(11) चमड़ा निर्यात संवर्धन परिषद्, कलकत्ता ।

(12) परिधान निर्यात संवर्धन परिषद्, नई दिल्ली ।

(13) सिन्थेटिक एवं रेयन वस्त्र निर्यात संवर्धन, परिषद्, बम्बई ।

(14) भारतीय रेशम निर्यात संवर्धन परिषद, बम्बई ।

(15) कालीन निर्यात संवर्धन परिषद्, नई दिल्ली ।

(16) हथकरघा निर्यात संवर्धन परिषद्, नई दिल्ली ।

(17) ऊन तथा ऊनी वस्त्र निर्यात संवर्धन परिषद्, नई दिल्ली ।

(18) सूती वस्त्र निर्यात संवर्धन परिषद्, बम्बई

(19) हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद्, मद्रास ।

144. लाभ न कमाने वाले संगठन :—निर्यात संवर्धन परिषदें कम्पनी अधिनियम अथवा समितियां पंजीकरण अधिनियम जैसा भी मामला हो, के अन्तर्गत लाभ न कमाने वाले संगठन हैं । इन्हें केन्द्र सरकार द्वारा वित्तीय सहायता दी जाती है ।

145. भूमिका—निर्यात संवर्धन परिषदों की मुख्य भूमिका उच्च स्तर के माल के विश्वसनीय सप्लाईकर्ता और सेवाओं के देने के रूप में भारत के चित्र को प्रस्तुत करना है । विशेषतः निर्यात संवर्धन परिषदें, निर्यातकों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मानकों एवं विशिष्टयों के संवर्धन तथा मानीटरिंग के प्रेक्षणों का कार्य करेंगी । उन्हें माल और सेवाओं के लिए अंतर्राष्ट्रीय मार्किटों में अवसरों और रुखों पर नजर रखनी होगी और निर्यातों के विस्तार तथा विविधता लाने के उद्देश्य से ऐसे अवसरों का लाभ उठाने में अपने सदस्यों की सहायता करेंगी ।

146. कर्त्तव्य—निर्यात संवर्धन परिषदों के मुख्य कार्य निम्न प्रकार हैं :—

(क) अपने सदस्यों की उनके निर्यातों में विस्तार तथा वृद्धि करने में सहायता करना तथा वाणिज्यिक लाभकारी सूचनाएं उपलब्ध कराना ।

(ख) अपने सदस्यों को प्रौद्योगिकी प्रोन्नति, गुणवत्ता तथा डिजाइन सुधार मानकों तथा विशिष्टियों, उत्पाद-विकास नवीन प्रक्रिया और अन्य ऐसे मामलों में व्यावसायिक परामर्श देना ।

(ग) विदेशी बाजार का अध्ययन करने के लिए विदेशों में अपने सदस्यों के प्रतिनिधिमंडलों के दौरों को आयोजित करना ।

(घ) भारत तथा विदेशों में व्यापार मेलों, प्रदर्शनियों तथा खरीद-फरोख्त की गोष्ठियों में भाग लेने के प्रबंध करना ।

(ङ) केन्द्र एवं राज्य दोनों स्तरों पर निर्यातक समुदाय एवं सरकार के बीच पारस्परिकता को बढ़ाना ।

(च) देश के निर्यातों एवं आयातों, अपने सदस्यों के निर्यातों एवं आयातों के साथ-साथ सम्बद्ध अंतर्राष्ट्रीय व्यापार संबंधी आंकड़ों की व्यवस्था करना तथा सांख्यिकीय आधार का निर्माण करना ।

147. सदस्यता—कोई भी निर्यातक/आयातक निर्यात संवर्धन परिषद् का सदस्य बनने के लिए आवेदन कर सकता है और निर्यात संवर्धन परिषद् के नियमों एवं विनियमों के अनुसार एक महीने के अंदर ऐसे आवेदन पर विचार एवं उसका निपटान किया जाएगा । सदस्यता प्राप्त होने पर आवेदक को एकदम एक पंजीकरण-सह-सदस्यता प्रमाण-पत्र (आरसीएमसी) दिया जाएगा ।

148. व्यावसायिक संस्था—निर्यातों में वृद्धि करने के लिए अपने उत्तरदायित्व को निभाने के उद्देश्य से यह महत्वपूर्ण है कि निर्यात संवर्धन परिषदें व्यावसायिक संस्थाओं के रूप में कार्य करें। इस उद्देश्य के लिए ऐसे कार्यकारी अधिकारियों को जिन्हें व्यावसायिक ज्ञान एवं उद्योग, वाणिज्य तथा अंतर्राष्ट्रीय मार्किटिंग में अनुभव हो, निर्यात संवर्धन परिषदों में लाया जाना चाहिए।

149. स्वायत्तता—निर्यात संवर्धन परिषदें स्वायत्तशासी होंगी और अपने कामों को स्वयं विनियमित करेंगी। उन्हें बिक्री दलों अथवा प्रतिनिधियों को मेलों/प्रदर्शनियों आदि में भाग लेने के लिए विदेशों में भेजने हेतु सरकार की मंजूरी लेना अपेक्षित नहीं होगा। सरकार केवल निर्यात संवर्धन परिषदों की वार्षिक योजनाओं एवं बजट को ही स्वीकृति देगी तथा उनके कार्य निष्पादन का प्रबोधन एवं मूल्यांकन करेगी। वाणिज्य/वस्त्र मंत्रालय वर्ष में दो बार, प्रथमतः वार्षिक योजना एवं बजट को स्वीकृति के लिए और दूसरी बार वर्ष के बीच में समीक्षा करने के लिए सम्बन्धित परिषद् की प्रबंध समिति के साथ परस्पर कार्यवाही करेंगे।

150. समर्थन के लिए शर्त—निर्यात संवर्धन परिषदों को सरकार द्वारा दिया गया समर्थन धनराशि के रूप में अथवा अन्य किसी प्रकार का निम्न पर निर्भर करेगा :—

(1) उनको सौंपे गए कार्यों का प्रभावी तरीके से निष्पादन।

(2) निर्यात संवर्धन परिषदों की सदस्यता का लोकतांत्रिकरण।

(3) नियमित अन्तरालों पर लोकतांत्रिक रूप से निर्यात संवर्धन परिषद् के पदाधिकारियों का चुनाव करना, और

(4) निर्यात संवर्धन परिषद् के लेखों की समय-समय पर लेखा परीक्षा कराना।

अध्याय—चौदह

गुणवत्ता

151. गुणवत्ता के प्रति जागरूक अभियान—भारत सरकार की नीति अपने उत्पादों के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्वीकृत गुणवत्ता के मानदण्डों को प्राप्त करने के लिए विनिर्माताओं और निर्यातकों को प्रोत्साहित करने की है। भारत सरकार गुणवत्ता जागरूकता पर एक राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम बनाने और कुल गुणवत्ता प्रबंध के विचार को बढ़ावा देने के लिए उद्योग और व्यापार संस्थानों के लिए सुविधा और समर्थन में बढ़ोत्तरी करेगी।

152. राज्य स्तरीय कार्यक्रम—केन्द्र सरकार अपने-अपने राज्य में विशेषकर छोटे पैमाने और हस्तशिल्प क्षेत्रों में इसी तरह के कार्यक्रम बनाने के लिए राज्य सरकारों को भी प्रोत्साहन और सुविधा प्रदान करेगी।

153. पुरस्कार और लाभ—केन्द्र सरकार आईएसओ 9000 (सीरिज) अथवा बी आई एस 14000 (सीरिज) अथवा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्वीकृत कोई अन्य समकक्ष गुणवत्ता प्रमाणपत्र प्राप्त करके विनिर्माताओं को मान्यता प्रदान करने और उपयुक्त रूप से पुरस्कृत करने के लिए एक योजना प्रारम्भ करेगी। इस संबंध में, अधिसूचित की जाने वाली योजना में उल्लेख किए जाने वाले आयातों की निषेधात्मक सूची में शामिल मदों के आयात के लिए ऐसे विनिर्माता मूल्य या अपने आयातों के मूल्य से ऐसे अनुपात रखने वाले मूल्य के लिए विशेष आयात लाइसेंसों को प्राप्त करने के लिए पात्र होंगे।

154. परीक्षण गृह—केन्द्र सरकार परीक्षण गृहों और प्रयोगशालाओं को अंतर्राष्ट्रीय स्तर का बनाने के लिए उनके आधुनिकीकरण और स्तर ऊंचा करने में सहायता करेगी ताकि ऐसे परीक्षण गृहों और प्रयोगशालाओं द्वारा किए गए प्रमाणन को देश और विदेश में मान्यता मिल सके।

अध्याय—पन्द्रह

आयात की निषेधात्मक सूची

155. प्रतिबन्धित मदें

भाग-एक

क्रम सं.	मदों का विवरण	प्रतिबन्ध का स्वरूप
1	2	3
1.	निम्नलिखित सहित किसी पशु मूल का टैलो, फैट और/या रेंडरड, अनरेंडरड अथवा अन्यथा ऑयल :—	आयात अनुमेय नहीं है।
(1)	लार्ड स्टीरीन, ओलिया स्टीरीन, टैलो स्टीरीन, लार्ड ऑयल, ओलियो ऑयल तथा टैलो ऑयल जो किसी भी प्रकार से एम्लसीइफॉड या मिक्सड या तैयार न किया गया हो।	

1	2	3
	(2) नीट्स फूट ऑयल तथा बोन अथवा बेस्ट से फैट ।	
	(3) पोल्ट्री, फैट्स, रेन्डरड अथवा सोल्वैंट एक्सटरैक्टिड ।	
	(4) मछली के फैट और तेल/मैरिन ओरिजन चाहे रिफाइण्ड हो अथवा नहीं कॉड, लीवर ऑयल को छोड़कर (फार्माकोपोआइएल ग्रेड) तथा आइकोसपेंटी नोइक एसिड एवं डी-कोसाहिक्सीनोइक एसिड वाला फिश लिपिड ऑयल ।	
	(5) मरगारिन, इमिटेशन लार्ड तथा पशु मूल के खाद्य फैट्स से तैयार किया गया ।	
2.	पशु रैनेट ।	
3.	बिना निर्मित हाथी दांत ।	

156. प्रतिबंधित गवें — भाग-दो — क. उपभोज्य माल

क्रम सं.	मद का विवरण	प्रतिबन्ध का स्वरूप
1	2	3
